शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 102 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज    बुधवार 08 मई 2024    विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## प्रज्वल जैसे व्यक्ति को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए: पीएम


### कांग्रेस सरकार पर जदएस सांसद को देश से बाहर जाने देने और आपत्तिजनक यौन वीडियो जारी करने का आरोप लगाया

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि प्रज्वल रेवन्ना जैसे किसी व्यक्ति को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर जदएस सांसद को देश से बाहर जाने देने और आपत्तिजनक यौन वीडियो जारी करने का आरोप लगाया। कहा कि इस मामले में कार्रवाई करने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है, क्योंकि यह कानून-व्यवस्था का मुद्दा है। मोदी ने कहा कि हजारों वीडियो की मौजूदगी से पता चलता है कि ये उस समय के हैं, जब जदएस और कांग्रेस के बीच गठबंधन था। ये वीडियो तब एकत्र किए गए जब वे सत्ता में थे। लेकिन, इन्हें जारी तब किया गया, जब वोक्कालिगा बहुल क्षेत्र में मतदान संपन्न हो गया। घटनाक्रम को बेहद संदिग्ध बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वीडियो उनके देश से बाहर जाने के बाद जारी किए गए। अगर राज्य सरकार के पास जानकारी थी, तो उसे नजर रखनी चाहिए थी। हवाई अड्डे पर भी निगरानी रखनी चाहिए थी।

**भारत सरकार को सूचित नहीं किया गया**

पीएम मोदी ने प्रज्वल पर यह टिप्पणी ऐसे समय की है, जब कांग्रेस लगातार इस मामले में उनकी चुप्पी को लेकर सवाल उठा रही थी। मोदी ने कहा, आपने कुछ नहीं किया। भारत सरकार को सूचित नहीं किया गया। इसका मतलब है कि यह एक राजनीतिक खेल था। हालांकि, यह मेरा मुद्दा नहीं है। मेरा मुद्दा यह है कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाना चाहिए। हमारे देश में इस तरह का खेल बंद किया जाना चाहिए।



" ये वीडियो तब एकत्र किए गए जब वे सत्ता में थे। लेकिन, इन्हें जारी तब किया गया, जब वोक्कालिगा बहुल क्षेत्र में मतदान संपन्न हो गया। वीडियो उनके देश से बाहर जाने के बाद जारी किए गए"

## दुनिया हमारे चुनावों को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है

**विदेशी** शक्तियों द्वारा भारत के लोकसभा चुनावों को प्रभावित करने की बात मानते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया केवल राय देने से ज्यादा करने की कोशिश कर रही है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे प्रयास आखिरकार विफल साबित होंगे। पीएम ने कहा, मुझे लगता है कि यह विरोध केवल चार जून तक रहेगा। इसके बाद इन लोगों के पास न तो शक्ति होगी और न ही अस्तित्व रहेगा। केवल मेरे देश की शक्ति और हमारे उज्ज्वल लोकतंत्र का अस्तित्व रहेगा।




दुनिया भारत के लोकतंत्र को एक नए नजरिये से देखेगी।

**वाराणसी मां की तरह है.. मां गंगा ने मुझे अपना लिया है**

प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी को अपनी 'मां' बताते हुए कहा कि काशी के साथ उनका संबंध एक निर्वाचन क्षेत्र और उसके प्रतिनिधि के बीच का नहीं, बल्कि मां-बेटे जैसा है। पीएम मोदी ने कहा कि वह काशी को लेकर थोड़े भावुक हैं। पीएम ने कहा, काशी में अंतिम चरण में मतदान होगा। मेरी पार्टी ने मुझे एक बार फिर काशी से मैदान में उतारने का फैसला किया है। लेकिन, मैं इसको लेकर थोड़ा भावुक हूं। पीएम ने याद किया कि 2014 में काशी आने के बाद उन्होंने कहा था कि मैं यहां आया नहीं हूं। मुझे यहां किसी ने भेजा नहीं है। मैं यहां इसलिए हूं, क्योंकि मां गंगा ने मुझे बुलाया है। आज, 10 साल बाद मैं कह सकता हूं कि मां गंगा ने मुझे अपना लिया है।

## 100 दिन की योजना तैयार है, कुछ बड़े फैसले लेना चाहता हूं: मोदी



एएनआइ के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि उन्होंने अपने अगले कार्यकाल के लिए पहले ही 100 दिन की योजना तैयार कर ली है और वह देश के लिए कुछ 'बड़े और महत्वपूर्ण' निर्णय लेना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह नहीं चाहते कि निर्णय लेने में देरी के कारण देश को नुकसान हो और चार जून (लोकसभा चुनाव की मतगणना का दिन) के बाद एक भी दिन बर्बाद नहीं होगा। मोदी ने कहा, मैं बताना चाहता हूं कि अग्रिम योजना बनाना मेरे स्वभाव में है। यह ईश्वर प्रदत्त है। मेरा साफ्टवेयर इसी तरह डिजाइन किया गया है। मेरे पास 2014 में भी एक योजना थी और 2019 में भी। हमने जो काम किया है, अगर आप मेरा ट्रैक रिकार्ड देखेंगे, तो आपको पता चल जाएगा। विदेशी शक्तियों द्वारा भारत के लोकसभा चुनावों को प्रभावित करने की बात मानते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया केवल राय देने से ज्यादा करने की कोशिश कर रही है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे प्रयास आखिरकार विफल साबित होंगे। पीएम ने कहा, मुझे लगता है कि यह विरोध केवल चार जून तक रहेगा।

इसके बाद इन लोगों के पास न तो शक्ति होगी और न ही अस्तित्व रहेगा। केवल मेरे देश की शक्ति और हमारे उज्ज्वल लोकतंत्र का अस्तित्व रहेगा। दुनिया भारत के लोकतंत्र को एक नए नजरिये से देखेगी।

## सलमान के घर फायरिंग करने वाला पांचवां आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर**

**सलमान खान** के घर के सामने फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने राजस्थान से 5वें आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मुंबई क्राइम ब्रांच ने आरोपियों को रेकी में मदद करने वाले 5वें आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अब उसे मुंबई कोर्ट में पेश किया जाएगा। गिरफ्तार आरोपी का नाम मोहम्मद चौधरी है। आरोप है कि उसने दो शूटरों सागर पाल और विक्की गुप्ता को पैसे मुहैया कराने के साथ ही रेकी करने में मदद की थी। चौधरी को आज मुंबई ले जाया जा रहा है, जहां उसे कोर्ट में पेश कर हिरासत की मांग की जाएगी।

## चारधाम यात्रा शुरू होने के साथ बारिश का अलर्ट

**देहरादून**

**उत्तराखंड** में 11 मई से मौसम बदलने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिकों का पूवार्नुमान है कि 11 से 13 मई तक प्रदेश भर में हल्की बारिश होने की संभावना है, लेकिन उच्च हिमालय क्षेत्र में अच्छी बारिश होगी। 10 मई से चारधाम यात्रा शुरू हो रही है तो 11 मई से बारिश का सिलसिला पूरे प्रदेश में बढ़ेगा। तापमान में गिरावट होने से ठंड बढ़ने के आसार हैं। ऐसे में चारधाम यात्रा पर भी इसका असर पड़ेगा। मौसम विभाग के निदेशक डा. बिक्रम सिंह ने बताया कि जो भी यात्री चारधाम यात्रा पर आ रहे हैं उनको पूरी तैयारी के साथ आना होगा। दरअसल, 10 मई से उत्तराखंड में चारधाम यात्रा शुरू हो रही है और 11 मई से मौसम का मिजाज बदल जाएगा। खासकर उच्च हिमालय क्षेत्र में बारिश होने के अधिक आसार हैं, जिससे तापमान में गिरावट होगी और ठंड भी बढ़ेगी। हालांकि 11 मई से पहले भी प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश की संभावना है। सात से 11 मई तक झोंकेदार हवाएं चलने और ऊंची चोटियों पर बर्फबारी का पूवार्नुमान है। मौसम विभाग के निदेशक ने बताया कि चारधाम से जुड़े मार्ग पर सुबह के समय बारिश कम होगी। इससे हेली सेवा में बहुत ज्यादा दिक्कत नहीं होगी, लेकिन दिन चढ़ने से लेकर शाम ढलने तक मौसम में बदलाव होगा और बारिश भी होगी। ऐसे में चारधाम आने वाले यात्रियों के लिए थोड़ी दिक्कतें हो सकती है।

## सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, दो दहशतगर्द ढेर

**जम्मू और कश्मीर**

**दक्षिण** कश्मीर के जिला कुलगाम के रेडवानी इलाके में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए हैं। इनमें से दो आतंकियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। शवों की पहचान किए जाने की प्रक्रिया चल रही है। ऑपरेशन अभी चल रहा है। कश्मीर जोन पुलिस ने यह जानकारी दी है। सोमवार देर रात आतंकियों के साथ शुरू हुई मुठभेड़ मंगलवार सुबह दूसरे दिन फिर शुरू हुई। देर रात कुलगाम के रेडवानी इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर पुलिस, सीआरपीएफ, सेना की टीम मौके पर पहुंची। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया। इलाके में प्रवेश तथा निकासी के सभी रास्तों को सील कर दिया गया। घेरा सख्त होता देख आतंकियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने भी जवाबी फायरिंग शुरू कर दी। देर रात तक कोई आतंकी मारा नहीं गया। अंधेरा होने की वजह से सुरक्षाबलों की ओर से अतिरिक्त सतर्कता बरती गई, ताकि किसी प्रकार का नुकसान न होने पाए। मंगलवार सुबह एक बार फायरिंग शुरू हुई।



## कांग्रेस ने मतदान प्रतिशत के आंकड़ों पर उठाए सवाल

### खरगे ने इंडिया गठबंधन के नेताओं को लिखा पत्र

**नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन रगे ने विपक्षी इंडिया गठबंधन के नेताओं को पत्र लिखा है। इस पत्र में चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए मतदान के आंकड़ों पर सवाल उठाए हैं और कथित धांधली का आरोप लगाया है। पत्र में खरगे ने विपक्षी गठबंधन के नेताओं से अपील की कि वे ऐसी धांधलियों के खिलाफ आवाज उठाएं। खरगे ने लिखा 'हमारा एकमात्र उद्देश्य संविधान की रक्षा और लोकतंत्र की संस्कृति की रक्षा करना है'।

**खरगे ने विपक्षी नेताओं को लिखा पत्र:** कांग्रेस अध्यक्ष ने लिखा 'इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के तौर पर यह हमारा साझा प्रयास होना चाहिए कि हम लोकतंत्र की रक्षा करें और चुनाव आयोग की निष्पक्षता को बचाएं।' खरगे ने मतदान प्रतिशत के आंकड़ों में हुए फेरबदल पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि 'यह अंतिम नतीजों में फेरबदल करने की कोशिश हो सकती है।' खरगे ने कहा कि 'हम सभी जानते हैं कि पहले दो चरणों में मतदान के रुझानों को देखते हुए पीएम मोदी और भाजपा परेशान है। पूरा देश जानता है कि यह तानाशाही सरकार सत्ता के नशे में चूर है और अपनी कुर्सी बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है।' दरअसल लोकसभा चुनाव के दो चरणों के मतदान प्रतिशत और डाटा साझा करने में हुई देरी पर विपक्षी पार्टियां सवाल उठा रही हैं।



## मुसलमानों को तो आरक्षण मिलना ही चाहिए: लालू



### लालू यादव मुसलमानों को धर्म आधारित आरक्षण देने के पक्ष में

**पटना**

लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी समेत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सभी नेता मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर इंडी गठबंधन पर हमला कर रहे। दरभंगा की जनसभा में पीएम मोदी ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस और राजद पूरे देश में कर्नाटक मॉडल लागू करना चाहती है। पिछड़ों का हक छीन मुसलमानों को आरक्षण देना चाहती है। अब इस मामले पर इंडी गठबंधन के वरीय नेता और राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने बड़ा बयान दिया है।

**मोदी-शाह जनता को भड़का रहे**

ओबीसी का हक छीन कर मुसलमानों को देने के सवाल पर लालू प्रसाद ने स्पष्ट कहा कि मुसलमानों को तो आरक्षण मिलना ही चाहिए। लालू प्रसाद ने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह जनता को भड़का रहे हैं। इंडी गठबंधन से डर गए हैं। इसलिए जनता को भड़का रहे हैं। कांग्रेस की सरकार बनने पर धर्म के आधार पर आरक्षण के सवाल पर लालू प्रसाद ने कहा कि एनडीए वालों संविधान को खत्म करना चाहते हैं। लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं। जनता के जेहन में यह बात आ गई है। जनता सब कुछ समझ चुकी है।

**भाजपा ने किया पलटवार**

राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने लालू के बयान पर पलटवार करते हुए एएनआई से कहा, भाजपा और पीएम मोदी जिन आशंकाओं को व्यक्त कर रहे थे वे अब पूरी तरह से सच साबित होती दिख रही है।

## मुस्लिम आरक्षण का जिन्न चिराग से आया बाहर: भाजपा

**नई दिल्ली**

**आरक्षण** को लेकर राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की टिप्पणी पर भारतीय जनता पार्टी ने निशाना साधा है। भाजपा ने कहा कि चुनाव के वक्त मुस्लिम आरक्षण का जिन्न चिराग से बाहर आ गया है। मंगलवार को राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने इस पर मीडिया से बातचीत में कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी ने जो आशंकाएं व्यक्त की थीं, वे अब पूरी तरह सच साबित हो रही हैं। मुस्लिम आरक्षण का जिन्न इंडी गठबंधन के चिराग से बाहर आ गया है, जिसका असर दक्षिण से लेकर गंगा के मैदानी इलाकों तक आसमान में दिख रहा है। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव द्वारा दिये गए बयान में गौर करने वाली बात ये है कि जब उनसे मुस्लिम समुदाय के बारे में सबसे गंभीर बात पूछी गई तो उन्होंने कहा कि हां, मुसलमानों को मिलना चाहिए, आरक्षण 'पूरा का पूरा।' इससे साफ हो गया कि वे एससी, एसटी और ओबीसी का हिस्सा छीनकर मुस्लिम समुदाय को आरक्षण देना चाहते हैं। क्या कांग्रेस और इंडी गठबंधन ओबीसी का आरक्षण लेकर मुसलमानों को आरक्षण दे रहे हैं तो लालू ने कहा कि रिजर्वेशन तो मिलना चाहिए।



## 'पुलिस ने प्रसारित किए प्रज्वल के अश्लील वीडियो'

**बंगलूरू**

**जेडीएस** नेता प्रज्वल रेवन्ना के अश्लील वीडियो मामले में कर्नाटक के पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी ने राज्य के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार पर गंभीर आरोप लगाए। कुमारस्वामी ने कहा कि इस मामले में गंदी राजनीति की जा रही है। कुमारस्वामी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 'जो घटना घटी, वो नहीं होनी चाहिए थी। 21 अप्रैल को पूरे राज्य में एक पैन ड्राइव प्रसारित की गई। पुलिस अधिकारियों ने भी इस पैन ड्राइव को प्रसारित किया। इसे बंगलूरू ग्रामीण, मांड्या और हासन सीटों पर जानबूझकर प्रसारित किया गया।' कुमारस्वामी ने बताया '21 अप्रैल की रात नवीन गौड़ा नाम के एक शख्स ने प्रज्वल रेवन्ना के वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किए। जिसके खिलाफ हासन सीट पर प्रज्वल रेवन्ना के चुनाव एजेंट पूर्णचंद्र ने हासन पुलिस में 22 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई।

## उत्तराखंड के जंगलों में आग लगाने वालों पर लगेगा गैंगेस्टर एक्ट

### वनाग्नि की घटनाओं को लेकर मुख्यमंत्री धामी सख्त, बोले- हर मोर्चे पर चल रहा कार्य, अधिकारियों को ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर वनाग्नि पर नियंत्रण पाने के दिए निर्देश

**देहरादून**

उत्तराखंड में वनाग्नि की घटनाओं को लेकर धामी सरकार सख्त है। वनाग्नि पर नियंत्रण पाने के लिए सरकार हर मोर्चे पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सेना की सहायता लेने के साथ अधिकारियों को भी ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर वनाग्नि पर नियंत्रण पाने के निर्देश दिए हैं। जो भी अराजक तत्व जंगलों में आग लगाकर उन्हें नुकसान पहुंचा रहे हैं, उनके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जा रही है। जंगलों में बार-बार आग लगाने की घटनाओं में पकड़े जाने वाले व्यक्तियों पर गुंडा एक्ट लगाया जाएगा और ऐसे व्यक्तियों की संपत्ति भी जब्त की जाएगी।

डीजीपी अभिनव कुमार ने बताया कि जिन स्थानों पर आग लगाने की घटनाएं सामने आई हैं, वहां पर वन विभाग के अधिकारी, एसडीएम एवं स्थानीय पुलिस बल की सयुंक्त टीम ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए एक एसओपी बनाई है। इसके तहत पहले फॉरेस्ट एक्ट, वाइल्ड लाइफ एक्ट अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही हाल ही में उत्तराखंड में पारित पब्लिक प्राइवेट प्रॉपर्टी डेमेज रिकवरी एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जाएगी। जो लोग बार-बार इस प्रकार की घटनाओं में लिप्त पाए जाते हैं उनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। दोषियों की संपत्ति भी जब्त की जाएगी। अभी तक वनाग्नि की घटनाओं में 13 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी है। इनमें से अब तक चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।



# निजी अस्पताल के संचालक की लापरवाही पूर्वक इलाज से महिला और उसके बच्चे की हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** रामनगर स्थित एक निजी अस्पताल के संचालक के लापरवाही पूर्वक इलाज में प्रसव के बाद महिला की हालत गंभीर हो गई जिसके बाद आनन-फानन में परिजनों द्वारा उसे शहर स्थित अस्पताल में इलाज हेतु ले जाया गया जहां इलाज के दौरान महिला और उसके पेट में पल रहे बच्चे की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को मेजा थाना क्षेत्र के मनू का पूरा गांव निवासी रोहित बिंद की पत्नी सोनम को प्रसव पीड़ा हुई तो परिवार के लोगों द्वारा रामनगर स्थित लक्ष्मी हास्पिटल में भर्ती कराया गया जहां प्रसव के बाद अस्पताल संचालक द्वारा किए गए लापरवाही पूर्वक दवा इलाज के कारण महिला की हालत गंभीर हो गई। आनन-फानन में परिजन उसे इलाज हेतु संचालक द्वारा सेट हुई शहर स्थित एक अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान महिला सोनम (28) की मौत हो गई और उसके बच्चे की भी मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर मृतका के मायके वाले भी रोते बिलखते आ गए। घटना से दोनों परिवारों में कोहराम मचा रहा। चौकी प्रभारी सिरसा कुलदीप शर्मा ने बताया कि महिला सोनम बिंद के देवर कौशलेश बिंद ने पुलिस ने तहरीर देकर बताया कि रामनगर स्थित लक्ष्मी हास्पिटल में भर्ती कराया गया जहां प्रसव हुआ और हालत गंभीर हुई तो शहर अस्पताल ले जाया गया जहां जच्चा- बच्चा दोनों की मौत हो गई। पुलिस तहरीर लेकर जांच पड़ताल में जुटी हुई है। गौरतलब है कि देखा जाए तो चिकित्सा विभाग की मिली भगत से क्षेत्र में तमाम ऐसे अवैध अस्पताल हैं जिनमें लापरवाही पूर्वक किए जा रहे इलाज से अब तक कई मौतें हो चुकी हैं किन्तु स्वास्थ्य विभाग आंख पर पट्टी बांध रखी है।

**परिजनों की शिकायत पर जांच पड़ताल में जुटी मेजा पुलिस**

## दीघिया में 10 मई को होगी भाजपा की विशाल जनसभा

**जनसभा में भाजपा के शीर्ष पदाधिकारियों के अलावा कई बड़े दिग्गज नेताओं का होगा आगमन**

**मेजा।** इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के भाजपा लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में आगामी 10 मई को ग्राम पंचायत दीघिया में नहर पार विशाल जनसभा का आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी कार्यक्रम के संयोजक एवं सहसंयोजक पूर्व ब्लाक प्रमुख मेजा मुन्नन शुक्ला व राम मिश्रा ने दी। उन्होंने कहा कि जनसभा में भाजपा के शीर्ष पदाधिकारियों के अलावा यमुनापार के जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति पूर्व विधायक मेजा श्रीमती नीलम करवरिया ब्लाक प्रमुख मेजा गंगा प्रसाद आदि के साथ साथ पार्टी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आम जनमानस के मौजूद रहेंगे। श्री शुक्ला ने इस मौके पर क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के विचारों को सुनने एवं उन्हें भारी मतो से विजई बनाने की अपील किया है।

# सड़क चौड़ीकरण का एसडीएम फूलपुर ने किया निरीक्षण



**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** उप जिला अधिकारी फूलपुर तपन कुमार मिश्रा ने मंगलवार को तीव्र गति से हो रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य का गहन निरीक्षण किया। उनके साथ नायब तहसीलदार और लोक निर्माण विभाग के एई भी लगे रहे। सहसों-फाफामऊ मार्ग का चौड़ीकरण का कार्य इस समय तेजी से चल रहा है। शासन के निर्देशानुसार महाकुंभ मेला को देखते हुए सड़क निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। सड़क चौड़ीकरण कार्य में जहां पर पहले से हुए निर्माण कार्य के कारण विलंब हो रहा है। वहां पहुंचकर उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि स्थान को खाली करा कर सड़क निर्माण कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें। देर होने पर प्रशासन द्वारा कार्यवाही करते हुए खाली करा दिया जाएगा। उपजिलाधिकारी ने सहसों, रामनगर, गारापुर आदि बाजारों का पूरी टीम के साथ जांच करते हुए संबंधित निर्माण कार्य कर रही कार्यदाई कम्पनी को समय से कार्य को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।

## पुरानी रंजिश में एक को मार पीट कर किया घायल मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी लाठी डंडा से मार कर जख्मी कर दिए। भुक्तभोगी ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम गेंदा उमरिया निवासी रवि सिंह पुत्र स्वर्गीय हरि शंकर सिंह का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी उसे मारे पीटे जान से मारने की धमकी भी दिए।रवि सिंह ने मऊआइमा थाने में रणधीर सिंह, रणजीत सिंह,अरजीत सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## नागरिक पीजी कॉलेज में हिंदी की मौखिक परीक्षा 8 मई को

**जंघई।** नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में एमए अंतिम सेमेस्टर हिंदी विषय की मौखिक परीक्षा 8 मई को 10 बजे से आयोजित की गई है।यह जानकारी देते हुए हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ ज्ञान प्रकाश द्विवेदी ने समस्त छात्र, छात्राओं को मौखिक परीक्षा में समय से शामिल होने का निर्देश दिया है।

# पुलिस ने अपराधी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अखण्ड भारत संदेश**




**मांडा।** क्षेत्र के मांडा थानांतर्गत दिघिया चौकी की पुलिस ने अपराधियों के प्रति अभियान छेड़ रखा है। इसका खामियाजा अपराधियों को भुगतना पड़ रहा है । पुलिस के हत्थे लगातार अपराधी चढ़ रहे है। वहीं मांडा पुलिस लगातार कामयाबी हासिल कर रही है। मांडा थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में दिघिया पुलिस के सिंघल दरोगा सन्नेश बाबू गौतम ने मुखबिर की सूचना पर मगंलवार को सैबसा इलाके से घेराबंदी कर अभियुक्त समर पाण्डेय पुत्र स्व केशराम पाण्डेय निवासी ग्राम टिकरी को दबोच लिया। पुलिस की चंगुल से अभियुक्त भागने का भी प्रयास किया। लेकिन पुलिस बल ने पुनः पकड़ लिया । और वहीं पुलिस ने अभियुक्त की तलाशी शुरु की । तो अभियुक्त के पास एक अदद 315 बोर अवैध तमंचा व दो अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया । इसके बाद पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को जेल भेज दिया है । पुलिसिया कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# वन माफियाओं के हौसले बुलंद विभाग के अधिकारी मौन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर रेंज में आने वाले खिजिरपुर गांव में वन माफियाओं के आतंक से वन विभाग के अधिकारी मौन हैं। जिसके कारण वन माफियाओं के हौंसले बुलंद हो गये हैं। बड़े धडल्ले से दो हरे नीम के पेड़ को काट दिया गया। यूपी सरकार वृक्ष को बचाने के लिए अनेक योजनाएं चला रही है जिससे स्वच्छ ऑक्सीजन मिल सके वहीं पर प्रदूषण फैलाने में लगे वन विभाग के अधिकारी प्रदेश सरकार के मंसूबे पर पानी फेरते नजर आ रहे है। लगातार हरे पेड़ों की कटाई चल रही है, वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौन है अब देखना है कि वन माफियाओं पर कार्रवाई होती है या वन अधिकारियों पर प्रदेश सरकार का हंटर चलता है या नहीं।







# बार एसोसिएशन सोराव के कार्य कारिणी की मासिक बैठक संपन्न

**सोरांव।** बार एसोसिएशन सोरांव के वर्तमान कार्यकारिणी की मासिक बैठक मंगलवार 3 बजे से शाम लगभग 5 बजे तक की गई। जिसमें कार्यकारणी के सभी सदस्यों ने प्रतिभाग किया। बैठक की अध्यक्षता बार एसोसिएशन सोरांव के अध्यक्ष कमलाकांत मिश्र ने किया। तथा अधिवक्ताओं द्वारा पूर्व में दिए गए सभी शिकायती पत्रों की गहनता से जांच भी की गई। तत्पश्चात प्राप्त शिकायती पत्रों की निस्तारण बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से किया गया। इतना ही नहीं कुछ अधिवक्ताओं ने शिकायती पत्रों के माध्यम से तहसील में अधिवक्ताओं के चेंबर को लेकर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा किए। जिसको अध्यक्ष ने बड़े ही विद्वता का परिचय देते हुए आरोपित अधिवक्ताओं को नोटिस जारी करके एक सप्ताह के अंदर जवाब देने की बात कही। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम बहादुर सिंह, महामंत्री रमेश नारायण मिश्रा, संयुक्त मंत्री प्रशासन प्रदीप कुमार केसरवानी, व मनोज कुमार यादव,राजेश कुमार यादव, सुरेश कुमार यादव सहित कार्यकारणी में उपस्थित सभी सम्मानित अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# कुशलपुर के ऊंचडीह गांव में भागवत कथा के समापन पर लोगों ने ग्रहण किया महाप्रसाद

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** क्षेत्र के कुशलपुर गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का सोमवार को समापन के पश्चात मंगलवार को महाप्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारा आयोजित हुआ इस दौरान क्षेत्र के मशहूर भजन गायक मिश्रा बंधुओं द्वारा रंगारंग भजन गायकी की सराहनीय प्रस्तुति की गई। उल्लेखनीय है कि बीते 30 अप्रैल से पंडित ब्रह्मदीन त्रिपाठी के आवास पर अनवरत जारी श्रीमद् भागवत कथा की पूर्णाहुति के पश्चात मंगलवार को महाप्रसाद का वितरण एवं भंडारा के मौके पर क्षेत्र के मशहूर भजन गायक अमित इमलिया ने अपनी मधुर भजन गायकी से उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया। इस दौरान धार्मिक भजनों से पूरा गांव गुंजायमान रहा जिसकी लोगों ने भूरि भूरि प्रसंशा किया। इस मौके पर हरीकृष्ण त्रिपाठी, श्रीकृष्ण त्रिपाठी, संजय त्रिपाठी व भारी संख्या में भक्तों की भीड़ रही।आयोजक रामकृष्ण त्रिपाठी ने कथा में पुण्य के भागी बनने के लिए तथा सातो दिन कथा में शिरकत करने के लिए क्षेत्रीय लोगों का आभार प्रकट किया।

## लालापुर थाना प्रभारी ने थाने मे जन सुनवाई कर सुनी फरियाद, मौके पर कराया निस्तारण

**प्रयागराज।** पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा के निर्देशन पर डीसीपी यमुनानगर श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय के निर्देश पर थानो मे सुबह 10 से 12 चलाये जा रहे जनसुनवाई अभियान के क्रम मे मंगलवार को लालापुर थाना प्रभारी अजय मिश्रा ने थाने पर जनसुनवाई की..। जनसुनवाई कर थाना प्रभारी अजय मिश्रा ने क्षेत्र से आये फरियादियों की समस्याओं को सुना और तत्काल मामलों को निस्तारित करने हेतु सम्बंधित अफसरों को सख्त निर्देश दिए..। महिला सम्बन्धी मामलों को म.उ.नि. सौम्या देवी ने सुना और तत्काल उनको निस्तारित किया..। बता दें कि थाना प्रभारी अजय मिश्रा ने कहा थाने पर आये हर फरियादी को सही समय पर उचित न्याय दिलाना हमारी पहली प्राथमिकता है..। फरियादियों से बेहतर तरीके से पेश आना चाहिए ताकि पुलिस और जनता की दूरियों को कम किया जा सके..। थाना प्रभारी अजय मिश्रा की कार्यशैली को देखते हुए थाने पर आये प्रत्येक फरियादी ने थाना प्रभारी की खूब प्रशंसा की और कहा कि थाने ही नहीं बल्कि हर विभाग मे ऐसे ही ईमानदार व लोगों की समस्या सुनने वाले अफसर बैठने लगें तो गरीबों को दर दर की ठोकरें न खानी पड़े..। थाना परिसर मे जनसुनवाई के दौरान थाना प्रभारी अजय मिश्रा, उ.नि. राम नगीना यादव, उ.नि. अनुज कुमार व म.उ.नि. सौम्या देवी मौजूद रहीं..।

# अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो कि दर पे सुदामा गरीब आ गया है



**जंघई।** सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के समापन दिवस पर कथा व्यास डॉ महेंद्र शास्त्री महाराज प्रयागराज द्वारा मुख्य यजमान इंद्रावती देवी शरद कुमार मोलई तिवारी के निवास अनुवां में सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह हम भगवान श्री कृष्ण एवं सुदामा जी से समझ सकते हैं। महाराज ने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी सुशीला के आग्रह पर अपने मित्र बाल सखा सुदामा से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचें सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया और सुदामा को अपने महल में ले गए ओर उनका अभिनंदन किया। इस दृश्य को देखकर श्रोता भाव विभोर हो गए और सुदामा और कृष्ण की झांकी पर फूलों की वर्षा की महाराज ने परीक्षित मोक्ष कथा सुनाकर कथा संपन्न किया। कथा संपन्न होने के बाद पूर्णाहुति हवन आरती एवं विशाल भंडारा आयोजित किया गया।इस अवसर पर यज्ञाचार्य गणेश दत्त पांडेय, अमृतलाल तिवारी, सुभाष तिवारी, गिरिश तिवारी, शैलेश तिवारी, आनंद तिवारी, राकेश तिवारी, प्रदीप तिवारी, संदीप तिवारी, आशीष तिवारी, नीरज शुक्ला, शिवम तिवारी, सत्यम तिवारी, सुयश तिवारी, सुधांशु तिवारी, हिमांशू तिवारी, आकाश तिवारी, विकास तिवारी, हर्ष तिवारी, आयुष तिवारी, रौनक तिवारी, पीयूष तिवारी, साहिल तिवारी, अनंत तिवारी, शिवांश तिवारी, शिवाय तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# कांटी गांव में सड़क हादसा पिता-पुत्र की मौत

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** घटना घूरपुर थाना क्षेत्र के कांटी गांव की है जहां पर भूसा लाद कर जा रहे ट्रैक्टर को पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर के पर्खच्चे उड़ गए वहीं ट्रैक्टर पर बैठे पिता पुत्र सहित 6 लोग सड़क पर बिखर गए पिता की घटनास्थल पर मौत हो गई वहीं इलाज के दौरान पुत्र की भी मौत हो गई बताया जा रहा है कि रेही बैजला निवासी अमृत लाल यादव 65 पुत्र रामप्यारे यादव अपने पुत्रों ब्रिज किशोर यादव व बैजनाथ एवं तीन लेबरों के साथ रात्रि के 9:00 बजे रेही बैजला से भूसा लादकर बेटे के ससुराल जसरा ले जा रहे थे जैसे ही कांटी गांव के पास पहुंचे पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक में टक्कर मार दी जिससे ट्रॉली सहित ट्रैक्टर के पर्खच्चे उड़ गए और सभी लोग सड़क पर बिखर गए और तड़पने लगे स्थानीय लोगों के द्वारा 108 एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा भेजा गया जहां पर पिता अमृतलाल को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया वहीं बृज किशोर पुत्र अमृतलाल व फूलचंद आदिवासी पुत्र अमर बहादुर की हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया वही बैजनाथ पुत्र अमृतलाल का प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया वहां घटना की सूचना परिजनों को हुई तो रोते बिलखते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे घूरपुर थाना प्रभारी केशव वर्मा ने अमृतलाल यादव के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया वहीं जिला अस्पताल में इलाज के दौरान बृज किशोर यादव की मौत हो गई इसकी सूचना जब परिजनों को हुई तो घर में कोहराम मच गया पिता पुत्र की साथ में अर्थी उठी और में ही चिताएं जलाई गई।

## अनियंत्रित कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर गंभीर रूप से जख्मी

**प्रयागराज।** घटना घूरपुर थाना क्षेत्र के गौहनिया ओवर ब्रिज की है जहां पर प्रयागराज की तरफ से रीवा की तरफ जा रही कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी होकर सड़क पर गिर पड़ा वही मौके से कार चालक कार लेकर भाग गया लेकिन भागते समय डिवाइडर से टकराकर कार का कुछ हिस्सा टूट कर गिर गया इसमें नंबर प्लेट भी लगा हुआ था। वहीं सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने घायल बाइक सवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलाह ले गई जहां पर डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया वही युवक के बेहोश होने के उसकी पहचान नहीं हो सकी ।

## मऊआइमा में स्वच्छ जागरूकता के ब्रांड एंबेसडर बने मुदित खत्री



**मऊआइमा।** नगर पंचायत मऊआइमा , द्वारा मंगलवार को एक बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जनजागरुकता एंव जन भागीदारी को बढ़ाने हेतु नगर पंचायत मऊआइमा के अधिशासी अधिकारी प्रवीण प्रकाश एवं अध्यक्ष मो शोएब अंसारी द्वारा सर्वेक्षण प्रवेक्षण 2024 के लिए मुदित खत्री को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया ।सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर नगर पंचायत मऊआइमा के सभी कर्मचारी मौजूद थे।

# सक्षम पाठक ने 12वीं कक्षा में 87.5 प्रतिशत अंक हासिल कर परिवार एवं स्कूल का नाम किया रोशन

**कहा - पढ़ाई पूरी कर इंजीनियर बनकर माता पिता की सेवा करना ही जीवन का है मुख्य उद्देश्य**



**प्रयागराराज।** बॉयज हाई स्कूल एंड कालेज प्रयागराज में 12 वीं कक्षा में शिक्षारत सक्षम पाठक ने आईएसी बोर्ड की परीक्षा में अपनी कड़ी मेहनत और लगन की बदौलत 87.5 प्रतिशत अंक पाकर न सिर्फ माता पिता व परिवार का नाम रोशन किया है बल्कि स्कूल का भी गौरव बढ़ाया है। सक्षम की इस उपलब्धि पर उसके परिवार जनों के साथ साथ स्कूल प्रबंध तंत्र ने बधाई दिया है। उल्लेखनीय है कि प्रयागराज के डीपी रोड नया कटरा 16 ए/5 बी निवासी सक्षम पाठक ने उक्त स्कूल से ही अपनी शुरुआती शिक्षा आरंभ की थी। सक्षम बचपन से ही पढ़ाई में काफी होनहार मेहनती एवं लगनशील थे जिसके कारण प्रयागराज के बॉयज हाई स्कूल एंड कालेज में उनकी एक अलग पहचान रही है। सक्षम के पिता श्री शशांक पाठक हाई कोर्ट प्रयागराज में सरकारी अधिवक्ता हैं साथ ही साथ क्रिमिनल के मामलों में पूरे जनपद में चर्चित हैं। उन्होंने बताया कि सक्षम पढ़ लिखकर इंजीनियर बनना चाहता है जिसके लिए वह शुरू से ही काफी मेहनत और लगन के साथ रात दिन पढ़ाई में लगा रहता है। सक्षम 12 वीं कक्षा में आईएसी बोर्ड की परीक्षा में अपने परिश्रम और कड़ी मेहनत तथा लगन से पूरे क्लास में 87.5 प्रतिशत अंक हासिल कर मेरे कुल खानदान व परिवार का जहां नाम रोशन किया है वहीं उक्त स्कूल का भी गौरव बढ़ाया है। श्री पाठक ने सक्षम की इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए आस पास के लोगों का मुंह मीठा कराया। जबकि बेटे सक्षम पाठक ने अपनी इस सफलता का सम्पूर्ण श्रेय अपने माता पिता को देते हुए कहा पढ़ाई पूरी कर इंजीनियर बन माता पिता की सेवा करना ही जीवन का उद्देश्य है। गौरतलब है प्रयागराज के लाल सक्षम पाठक द्वारा आईएसी बोर्ड परीक्षा में 87. 5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उक्त स्कूल का नाम रोशन करने पर स्कूल प्रबंध तंत्र के साथ साथ प्रिंसिपल तथा शिक्षक शिक्षिकाओं ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिया है।

# इलाहाबाद व फूलपुर से 32 नामांकन पत्र निरस्त

## इलाहाबाद से 15 पर्चे तो फूलपुर सीट पर 17 पर्चे मिले अवैध, तैयार हुई प्रत्याशियों की सूची

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** इलाहाबाद और फूलपुर लोकसभा सीटों पर हुए नामांकन पत्रों की आज मंगलवार की देर शाम तक स्क्रूटनी हुई। जांच में दोनों सीटों पर हुए कुल 61 नामांकन के सापेक्ष 32 पर्चे निरस्त कर दिए गए। नामांकन पत्र अपूर्ण होने की स्थिति में यह निरस्त किया गया है।इलाहाबाद सीट से 29 लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था जिसमें 15 अपूर्ण होने की स्थिति में उसे निरस्त कर दिया गया है। अब यहां से महज 14 नामांकन पत्र ही वैध मिले हैं। इसी तरह फूलपुर लोकसभा सीट के लिए 32 लोगों ने नामांकन किया था लेकिन इसमें 17 रिजेक्ट हो गए और अब यहां 15 प्रत्याशी बचे हुए हैं जो चुनाव लड़ेंगे।इलाहाबाद सीट से कमलेश केसरवानी, सरोज पटेल, अशोक कुमार, विकास मिश्र, रामराज, ममता पटेल, शेखू नवाब, जयसिंह यादव, रोहिणी यादव, शेखू नवाब, जयसिंह यादव, रोहिणी देवी, विक्रम प्रताप सिंह, संतोष सिंह, मोतीलाल , नेब्बूलाल, संतोष केसरी व राजेश्वर प्रसाद शुक्ला का पर्चा रद्द हुआ है। इसी तरह फूलपुर से दिलीप कुमार यादव, जितेंद्र कुमार, अजीत सिंह, ऊषा, मो. नसीम हाशमी, प्रेमचंद्र पटेल, पंडित घनश्याम दास शास्त्री, मानसिंह, विकास कुमार, सूरज कुमार, हरीश कुमार वर्मा, रंजीत सिंह, कृष्णा चंद्रा, भानुप्रताप सिंह , संदीप कुमार श्रीवास्तव, संदीप कुमार व वरूण कुमार का पर्चा निरस्त हुआ है।

### राजनैतिक दल, उम्मीदवार, व जन सामान्य निर्वाचन सम्बन्धी शिकायत शंका समाधान सामान्य प्रेक्षक गण से सर्किट हाउस में पूर्वाह्न 9.30 से 10.30 के बीच कर सकते हैं

**प्रयागराज।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 51 - फूलपुर एवं 52 - इलाहाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षकगण का आगमन दिनांक 05.05.2024 को जनपद प्रयागराज में हो गया है, जिनका अवस्थान स्थल सर्किट हाउस प्रयागराज है। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 51- फूलपुर के लिए डॉक्टर (टीएमटी) बी0 माहेश्वरी मा० प्रेक्षक सामान्य नियुक्त की गई है, जिनका दूरभाष नंबर 0532- 2990411 तथा मोबाइल नंबर- 9118750278 है।

52- इलाहाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए डॉक्टर मानिक जी गुरसाल माननीय प्रेक्षक सामान्य नियुक्त किए गए हैं, जिनका दूरभाष नंबर- 0532-2990412 तथा मोबाइल नंबर - 9129550278 है। पूर्वान्ह 9:30 बजे से 10:30 बजे तक राजनैतिक दल, निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवार एवं जन-सामान्य निर्वाचन सम्बन्धी किसी भी प्रकार की शिकायत /शंका समाधान हेतु मा० प्रेक्षकगण से सर्किट हाउस के मीटिंग हाल में उपरोक्त नियत समय पर सम्पर्क कर सकते हैं। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पूजा मिश्रा ने दी है।

# यूपी के 280 वकीलों के परिवार को मिलेंगे 5-5 लाख

## उत्तर प्रदेश न्यासी समिति ने लिया निर्णय महाधिवक्ता कैंप कार्यालय में हुई बैठक

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश न्यासी समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि यूपी के 280 वकील जिनकी मौत हो चुकी है उन्हें पांच-पांच लाख रुपए दिए जाएंगे। पिछले सालों में 70 साल से कम उम्र में जिन वकीलों की मौत हुई है उन वकीलों के परिवारों को आर्थिक मदद के तौर पर पांच-पांच लाख देने की स्वीकृति प्रदान की गई है। ऐसे 280 वकीलों की सूची पर अंतिम मुहर लग गई। के महाधिवक्ता कैंप कार्यालय में इस मामले को लेकर हुई अहम बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक की अध्यक्षता महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्र ने की। इस बैठक में समिति के सदस्य बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव किशोर गौड, बार काउंसिल सदस्य जानकी शरण पांडेय व प्रदीप कुमार सिंह शामिल थे।

**400 वकील परिवारों से आए थे आवेदन :** बैठक में बताया गया कि वकीलों के परिवारों से कुल चार सौ आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसमें से 280 परिवारो की अर्जी मंजूर की गई है। शेष पर अगली बैठक में विचार किया जाएगा। राज्य सरकार की योजना के तहत 70 साल से कम आयु के अधिवक्ताओं की मौत पर परिजनों को पांच- पांच लाख रूपए दिए जाते हैं। जिस पर विचार करने के लिए समिति की बैठक बुलाई गई थी।

# यूजीआई के 20 छात्रों का मुंबई की मैकलियोड्स फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड में चयन

अखंड भारत संदेश



नैनी। नैनी यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (यूजीआई), नैनी के 20 मेधावी छात्रों ने कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान मुंबई की मैकलियोड्स फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड में नौकरी हासिल की है। यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी (यूआईपी) कॉलेज के 19 और यूनाइटेड कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड रिसर्च (यूसीईआर) के एक छात्र सहित इन छात्रों को 3.35 लाख रुपये तक के वार्षिक पैकेज पर प्रशिक्षु के रूप में चुना गया है। इन छात्रों में ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, अभिनव पांडे, अमन विश्वकर्मा, अतुल पांडे, ऋषिकेष मौर्य, शुभम सिंह, हिमांशु मिश्रा, आकाश यादव, कृपा शंकर कुशवाहा, लकी सिंह डी फार्मा से वहीं, सोनू यादव, मुकुल गुप्ता, विशाल देवनाथ, प्रभाकर द्विवेदी, आदित्य कुमार यादव, देवप्रिय द्विवेदी बी फार्मा से, प्रशांत कुमार सिंह, प्रीतम सिंह, शिवांग मिश्रा एम फार्मा से तथा यूसीईआर से अभिनव प्रकाश शामिल हैं। डीन, कॉर्पोरेट एण्ड इंडस्ट्री रिलेशन्स, यूजीआई डॉ. दिव्या बरतरिया ने कहा कि प्रयास किए जा रहे हैं ताकि यूजीआई के फार्मा के अधिक से अधिक छात्रों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति की शीर्ष पायदान की फार्मास्यूटिकल्स फर्मों में नौकरी मिल सके। यूआईपी के प्राचार्य डॉ. आलोक मुखर्जी ने फार्मा छात्रों के चयन पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि भारत की प्रतिष्ठित दवा कंपनियों में से एक मैकलियोड्स फार्मास्यूटिकल्स में छात्रों का चयन हुआ है। उन्होंने कहा कि यह केवल संकाय सदस्यों की कड़ी मेहनत और सीआरसी एवं सीआरटी के प्रयासों के कारण संभव हो सका है। यूजीआई के प्रेसिडेंट डॉ. जगदीश गुलाटी, वाइस चेयरमैन सतपाल गुलाटी और वाइस प्रेसिडेंट गौरव गुलाटी ने चयनित छात्रों को उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी हैं।

### लगाते ही ट्रांसफार्मर धड़ाम, बिजली पानी के लिए तरस रहे हैं लोग

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के खरकौनी स्थित संगम विहार कॉलोनी में ट्रांसफार्मर धड़ाम होने से लोग बिजली और पानी के लिए तरस रहे हैं। जिससे लोगों में संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ भारी रोष व्याप्त है। संगम विहार कॉलोनी को रुलर के अंतर्गत नैनी के अरैल विद्युत उपकेंद्र से बिजली आपूर्ति मुहैया कराई जाती है। संगम विहार कॉलोनी में स्थापित 100 केवीए के ट्रांसफार्मर में सोमवार सुबह तकनीकी खराबी आने पर कर्मचारियों की टीम ने शाम तक मरम्मत कर किया, लेकिन सही नहीं होने पर उक्त ट्रांसफार्मर को बदलकर वहां पर दूसरा ट्रांसफार्मर लगाया गया। रात भर ट्रांसफार्मर को चार्ज करने के बाद अगले दिन मंगलवार सुबह लगभग 10 बजे जैसे ही ट्रांसफार्मर को चालू किया गया। कुछ देर के बाद तेज धमाके के साथ धड़ाम हो गया। ट्रांसफार्मर के जलने से लोगों को दो दिनों से बिजली और पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में लोग जहां बिन बिजली के परेशान हो रहे हैं तो वहीं दो बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है।

# सीएम को धमकी देने वाले ने हाथ जोड़ कर माफी मांगी, वीडियो वायरल

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सीएम योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने वाले शमीम उर्फ बबलू को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया। शमीम का रोते हुए वीडियो भी सामने आया। वह कह रहा है- मैं उस दिन नशे में था और गुस्से में बोल गया, मुझे माफ कर दो। पुलिस और एसओजी की कई टीमें शमीम की तलाश में जुटी थीं। सोमवार को मुखबिर ने पुलिस को बताया कि शमीम दिल्ली से प्रयागराज वापस आ गया है। वह लालगोपालगंज की रेलवे क्रासिंग के पास से जाने वाला है। पुलिस मौके पर पहुंची और उसको पकड़ लिया। शमीम ने 25 अप्रैल को शमीम ने योगी आदित्यनाथ को धमकी दी थी। शमीम ने कहा था- मेरा इमामगंज में घर है। चैलेंज दे रहा हूं, योगी बुलडोजर चलाकर दिखाएं...काट डालेंगे।

**शमीम के पास से पुलिस को मिला तमंचा और कारतूस :** पुलिस को शमीम के पास से एक तमंचा, कारतूस, देसी बम और दो मोबाइल मिले हैं। शमीम ने पुलिस को बताया कि वह नशे की हालत में था। तभी एक मीडियाकर्मी ने उससे सवाल कर यह बातें कहलवा दी थीं। डीसीपी गंगापार अभिषेक भारती ने बताया कि धमकी वाला वीडियो सामने आने के बाद शमीम दिल्ली भाग गया था। उसे गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की टीम दिल्ली गयी थी। लेकिन वह दिल्ली से भागकर प्रयागराज आ गया और यहां पर छिपकर रह रहा था। 25 अप्रैल को एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया था। इसमें एक युवक सीएम को काट डालने की धमकी दे रहा था। सीएम को धमकी देने वाले का नाम शमीम था। वीडियो के आधार पर सोशल एक्टिविस्ट सर्वेश कुमार ने आरोपी शमीम उर्फ बबलू के खिलाफ नवाबगंज थाने में एफआईआर कराई थी। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने उसकी गिरफ्तारी के लिए 3 टीमें बनाई थी। शमीम प्रयागराज के लालगोपालगंज कस्बे के इमामगंज इलाके का रहने वाला है। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस उसके घर पहुंची, लेकिन वह घर पर नहीं मिला था। जांच में पता चला कि वह दिल्ली भाग गया है। पुलिस शमीम की तलाश में जुटी थी।

रोते हुए बोला- गुस्से में बोल गया; कहा था- बुलडोजर चलाकर दिखाएं, काट डालेंगे



# हमसफर एक्सप्रेस को भी सूबेदारगंज शिफ्ट करने की तैयारी

**प्रयागराज।** प्रयागराज से नई दिल्ली/आनंद विहार जाने वाली हमसफर एक्सप्रेस का संचालन सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन से हो सकता है। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। अगले वर्ष की शुरूआत में लगने वाले महाकुंभ मेले के पूर्व ट्रेन का संचालन सूबेदारगंज से करवाए जाने की तैयारी है।दरअसल महाकुंभ के दौरान रेलवे प्रशासन को हर रोज काफी संख्या में स्पेशल ट्रेनों का संचालन करना है। ऐसे में प्रयागराज जंक्शन के किसी भी प्लेटफार्म पर ज्यादा देर तक ट्रेनें खड़ी नहीं की जा सकती। हमसफर एक्सप्रेस सप्ताह में चार दिन नई दिल्ली तो तीन दिन आनंद विहार तक चलती है। ऐसे में दिल्ली से आने के बाद यहां यह काफी देर तक प्लेटफार्म पर खड़ी रहती है। इसके बाद शंटिंग प्रक्रिया में भी समय लगता है। तब कहीं जाकर ट्रेन वॉशिंग लाइन पहुंचती है। यही प्रक्रिया रात में इसकी रवानगी के दौरान भी होती है।इसी को देखते हुए रेलवे की तैयारी है कि हमसफर को भी सूबेदारगंज स्टेशन से संचालित किया जाए। बीते कुछ माह के दौरान प्रयागराज जंक्शन से संचालित कई ट्रेनें सूबेदारगंज शिफ्ट की जा चुकी है। हालांकि हमसफर एक्सप्रेस को सूबेदारगंज शिफ्ट किए जाने से शहर पश्चिम में रहने वाले लोगों को भले ही सहूलियत मिले, लेकिन शहर उत्तरी एवं दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले लोगों को परेशानी हो सकती है। क्योंकि सूबेदारगंज स्टेशन शहर के दूसरे छोर पर है, जबकि प्रयागराज जंक्शन शहर के बीच में होने की वजह से वहां पहुंचना ज्यादा आसान है।क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य पदुम जायसवाल का कहना है हमसफर वीआईपी श्रेणी की ट्रेन है। इसका संचालन प्रयागराज जंक्शन से ही होना चाहिए। इस बारे में पीआरओ अमित सिंह का कहना है कि अभी हमसफर को शिफ्ट किए जाने को लेकर निर्णय नहीं हुआ है। इस पर सिर्फ चर्चा ही हो रही है।

# सपा का पीडीए फार्मूला : प्रयागराज में बोले श्याम लाल पाल भाजपा के 400 पार के सपने को चूर करेगा गठबंधन

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** सपा का प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार प्रयागराज पहुंचे श्याम लाल पाल का पार्टी कार्यालय में जोरदार स्वागत हुआ। यहां उन्होंने कहा कि पीडीए (पिछड़ा, दलित ,अल्पसंख्यक) की मजबूती ही भाजपा को सत्ता से दूर करेगा।जॉर्ज टाउन स्थित जिला कार्यालय में पार्टी नेताओं पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती, संविधान की सुरक्षा, बेरोजगारों को रोजगार, किसानों को एम मएसपी, महिलाओं की सुरक्षा, पुरानी पेंशन, किसानों की कर्ज माफ़ी, गरीबों को निःशुल्क इलाज जैसे मुद्दों को लेकर ही इण्डिया गठबंधन चुनाव मैदान में है। वहीं भाजपा और उसका एनडीए गठबंधन मंदिर मस्जिद, हिन्दू मुसलमान में अटका हुआ है। उसे देश के आम आदमी की मूलभूत समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल पीडी पार्क स्थित डॉ लोहिया एवं हाईकोर्ट चौराहे स्थित डॉ अम्बेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन करने के बाद सीधे कन्नौज जिले के लिए रवाना हो गए।इस दौरान सर्व जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, विधायक गण विजमा यादव, गीता शास्त्री, संदीप पटेल, पूर्व सांसद धर्म राज पटेल, राष्ट्रीय महासचिव मयंक श्रीवास्तव, पंधारी यादव,पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह,पूर्व विधायक गण जोखूलाल यादव, आकाश यादव, दान बहादुर मधुर ,बासुदेव यादव, राधेश्याम पटेल, सत्यवीर मुन्ना,डॉ राजेश, दूध नाथ पटेल आदि मौजूद रहे।



## हाईकोर्ट समाचार

# आत्महत्या को उकसाने के आरोपी छात्र की जमानत मंजूर

### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दिया आदेश, कानपुर का छात्र 6 साल से जेल में बंद

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आत्महत्या के लिए उकसाने वाले कानपुर के आरोपी को राहत देते हुए उसकी अग्रिम जमानत मंजूर कर ली। साथ ही कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को दिन-प्रतिदिन सुनवाई कर 31 अगस्त तक ट्रायल पूरा करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी ने अनिकेत दीक्षित की जमानत अर्जी को स्वीकार करते हुए दिया है। याची के खिलाफ कानपुर नगर में आत्महत्या के लिए उकसाने के लिए दर्ज हुई थी।

**चार अप्रैल 2018 से है जेल में :**

आरोपी छात्र चार अप्रैल 2018 से जेल में बंद है। उसकी ओर से हाईकोर्ट में दूसरी बार अपनी जमानत के लिए अर्जी दाखिल की गई थी। याची की ओर से कहा गया कि वह लंबे समय से जेल में है। कोर्ट ने पहली जमानत अर्जी को खारिज करते हुए सुनवाई जल्दी पूरा करने का निर्देश दिया था। लेकिन, इतने दिनों में केवल दो गवाहों की ही गवाही पूरी हो सकी है। याची छात्र है और अभी उसका शुरूआती जीवन है। कोर्ट ने जांच अधिकारी की गवाही में असहयोग करने पर नाराजगी जाहिर की। कहा कि कोर्ट अभियोजन पक्ष की गवाही को सुनिश्चित करने के लिए शक्तिहीन नहीं है। कोर्ट ने तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए उसकी जमानत अर्जी स्वीकार कर ली।

# महाकुंभ से पहले कई मार्गों से हटाए जाएंगे बिजली पोल, भूमिगत होगी लाइन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** महाकुंभ-2025 से पहले शहर को सुंदर और भव्य रूप से सजाए जाने की तैयारी चल रही है। इसी क्रम में शहर के किनारे लगे बिजली पोल और तारों के मकड़जाल को भी खत्म किया जा रहा है। विद्युत महकमे की ओर से शहर के तमाम मोहल्ले में जर्जर लाइन व सड़े-गले खंभों को बदलने का कार्य तेजी से चल रहा है। इसके साथ ही बिजली विभाग की ओर से कई मार्गों की बिजली लाइन को भूमिगत किया जा रहा है।बमरौली एयरपोर्ट से लेकर शहर में दाखिल होने तक के मार्ग को सुंदर बनाने के चलते इस मार्ग पर तारों का मकड़जाल पूरी तरह से साफ किया जा रहा है। विद्युत महकमा यहां पर सड़क के किनारे लगे सभी पोल को भी हटा रहा है। वहीं मार्ग पर लगे ट्रांसफार्मरों को भी पीछे की ओर शिफ्ट किया जा रहा है। इसी तरह तेलियरगंज के संगम वाटिका से लेकर रसूलाबाद घाट तक की बिजली लाइन को भूमिगत करने का काम शुरू हो गया है। साथ ही पेशवाई मार्ग, बाघंबरी रोड और टैगोर टाउन के कुछ इलाकों में लाइन को भूमिगत किया जा रहा है।महाकुंभ योजना के तहत होने वाले इस कार्य को अगस्त से पहले पूरा कर लेने का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्य की रोजाना समीक्षा भी की जा रही है। महकमे के अधिकारियों के अनुसार बिजली लाइन के भूमिगत होने के बाद सभी पोल हटा दिए जाएंगे। इन सभी मार्गों का चौड़ीकरण कर इनकी खूबसूरती बढ़ाई जाएगी। इन कार्यों के अलावा शहर के करीब दो दर्जन से अधिक मोहल्लों में बिजली के पोल को बदलकर नए पोल स्थापित किए जाएंगे।

### सड़क निर्माण में आए समस्या तो सीधे अफसरों से करें बात

**प्रयागराज।** महाकुम्भ में बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को हर सुविधा देने की तैयारी है। पुलिस और प्रशासनिक अफसर यह कोशिश कर रहे हैं कि श्रद्धालुओं को दो किलोमीटर से ज्यादा पैदल न चलना पड़े। एडीजी जोन की अध्यक्षता में मंडलायुक्त, कुम्भ मेला अधिकारी, रेलवे और एनएचएआई के अफसरों समेत 60 सदस्यों की टीम के साथ बैठक हुई। एडीजी जोन ने बताया एनएचएआई का काम चल रहा है। प्रयागराज में रिंग रोड, प्रतापगढ़ और रायबरेली में सड़क बन रही है। अफसरों के साथ बैठक में हर बिंदु पर मंथन हुआ। एनएचएआई के अफसरों को सलाह दी गई कि निर्माण कार्य के दौरान अब कोई समस्या आती है तो सीधे अफसरों से बात करें। निर्माण कार्य तेजी से पूरा करना है। कुम्भ से पहले सारी सड़कें बन जाएंगी। पुलिस अफसर ने बताया कि हर महीने कामों की समीक्षा की जानी है। कुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए हाईवे पर एम्बुलेंस व पुलिस की पेट्रोलिंग बढ़ा दी जाएगी।

### लोकसभा प्रत्याशी ने करेलाबाग, मीरापुर और सदियापुर क्षेत्र में किया जनसंपर्क

**प्रयागराज।** करेला बाग निषाद राज पार्क से 52 वीं लोकसभा इलाहाबाद भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने जनसंपर्क संपर्क किया। भाजपा मीडिया प्रभारी गोपाल मालवीय ने बताया 52 वीं लोकसभा इलाहाबाद भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी एवं महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी का शहर दक्षिणी विधानसभा में जनसंपर्क कार्यक्रम निषाद राज पार्क करेला बाग से फॉर सीजन गेस्ट हाउस सादियापुर निषाद बस्ती से पार्षद राधा निषाद के आवास पर से मछली मंडी से पसियाना होते हुए ककराहा घाट से पूर्व पार्षद गिरी बाबा के आवास से माता ललिता मंदिर होते हुए सब्जी मंडी मीरापुर से पार्षद साहिल अरोरा के आवास से होते हुए एस. एस. खन्ना डिग्री कॉलेज पर समापन किया गया।मुख्य रूप से जनसंपर्क में शामिल रहे जिला उपाध्यक्ष बृजेश मिश्रा, मंडल अध्यक्ष रणविजय सिंह, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रेखा कनौजिया, शिक्षक प्रकोष्ठ मंजूषा सिंह, विधानसभा सोशल मीडिया प्रमुख मधुमिता नाथ, मंडल उपाध्यक्ष अभिषेक ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष ज्ञान कुशवाहा, वार्ड अध्यक्ष सुभाष तिवारी संजय लामा मंडल मंत्री अरुण निषाद, सत्येंद्र शर्मा मंडल मंत्री योगेंद्र कुशवाहा मंडल मंत्री अनिल पांडे मंडल कोषाध्यक्ष दिनेश कनौजिया मंडल, विजय सिंह मंडल महामंत्री गया प्रसाद निषाद कंचन मौर्य स्मृति श्रीवास्तव, पुष्पा विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मेरठ के विधायक पर हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 1995 के मामले में मेरठ के विधायक रफीक अंसारी को राहत देने से इनकार कर दिया। विधायक की याचिका खारिज कर दी। याचिका में एनबीडब्ल्यू के आदेश को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने इसलिए खारिज किया। क्योंकि, सपा के नेता 1997 और 2015 के बीच 100 से अधिक गैर-जमानती वारंट जारी होने के बावजूद अदालत में पेश होने में विफल रहे। जस्टिस संजय कुमार सिंह की पीठ ने कहा-मौजूदा विधायक के खिलाफ गैर-जमानती वारंट का निष्पादन न करना और उन्हें विधानसभा सत्र में भाग लेने की अनुमति देना एक खतरनाक और गंभीर मिसाल कायम करता है। गंभीर आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे व्यक्तियों को कानूनी जवाबदेही से बचने की अनुमति देकर हम कानून के शासन के प्रति दंडमुक्ति और अनादर की संस्कृति को कायम रखने का जोखिम उठाते हैं। अदालत ने अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, एमपी/ एमएलए, मेरठ की अदालत में लंबित आईपीसी की धारा 147, 436 और 427 के तहत आपराधिक मामले से संबंधित अंसारी की रद्द करने की याचिका पर सुनवाई करते हुए ये टिप्पणी की।

**101 गैर जमानती वारंट फिर भी पेश नही हुए :** इस मामले में उपरोक्त धाराओं के तहत अपराध के लिए 35-40 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ सितंबर 1995 में एफआईआर दर्ज की गई। जांच पूरी होने के बाद 22 आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ पहला आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया। उसके बाद आवेदक अंसारी के खिलाफ एक और पूरक आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया, जिस पर संबंधित अदालत ने अगस्त 1997 में संज्ञान लिया। अंसारी अदालत के सामने पेश नहीं हुए, इसलिए 12 दिसंबर 1997 को गैर-जमानती वारंट जारी किया गया। बाद में बार-बार गैर-जमानती वारंट ( जिसकी संख्या 101) और धारा 82 सीआरपीसी के तहत प्रक्रियाओं के बावजूद, आवेदक अदालत के सामने पेश नहीं हुआ।

**विधायक अंसारी ने हाईकोर्ट में की थी अपील :** मामले रद्द करने की मांग करते हुए अंसारी ने हाईकोर्ट का रुख किया, जहां उनके वकील ने तर्क दिया कि मामले में मूल रूप से आरोपित 22 आरोपियों को 15 मई 1997 के फैसले और आदेश के तहत मुकदमे का सामना करने के बाद बरी कर दिया गया। इसलिए उनके खिलाफ कार्यवाही रद्द की जानी चाहिए। अदालत ने कहा कि किसी भी आरोपी के खिलाफ आपराधिक मुकदमे में दर्ज किए गए सबूत केवल उस आरोपी की दोषिता तक ही सीमित हैं। इसका सह-आरोपी पर कोई असर नहीं पड़ता है। अदालत ने पाया कि सह-अभियुक्तों द्वारा बरी किए जाने को प्रासंगिक परिस्थितियों और सीआरपीसी की धारा 482 के तहत उन अभियुक्तों के खिलाफ कार्यवाही रद्द करने की शक्ति का प्रयोग करने का आधार नहीं माना जा सकता, अदालत ने कहा : मौजूदा विधायक के खिलाफ गैर-जमानती वारंट का निष्पादन न करना और उन्हें विधानसभा सत्र में भाग लेने की अनुमति देना खतरनाक और गंभीर मिसाल कायम करता है, जो निर्वाचित प्रतिनिधियों में जनता के विश्वास को खत्म करते हुए राज्य मशीनरी और न्यायिक प्रणाली की अखंडता को कमजोर करता है। इस पृष्ठभूमि में अदालत ने उनकी याचिका खारिज कर दी और निर्देश दिया कि उसके आदेश की कॉपी राज्य विधानसभा स्पीकर के समक्ष जानकारी के लिए रखने के लिए यूपी विधानसभा के प्रमुख सचिव को भेजी जाए। न्यायालय ने यूपी के पुलिस महानिदेशक को यह भी निर्देश दिया कि वह अंसारी के खिलाफ ट्रायल कोर्ट द्वारा पहले ही जारी किए गए गैर-जमानती वारंट की तामील सुनिश्चित करें, यदि वह अभी तक तामील नहीं हुआ है और अगली तारीख पर अनुपालन हलफनामा दायर किया जाएगा। मामले को 22 जुलाई के लिए सूचीबद्ध करने का कोर्ट ने निर्देश दिया है।

# निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराएं: प्रेक्षक

## सामान्य प्रेक्षक ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**अखंड भारत संदेश**



अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में बोलते सामान्य प्रेक्षक।

**प्रतापगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण, पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कौशाम्बी के सामान्य प्रेक्षक डा0 विशाल आर एवं प्रतापगढ़ के सामान्य प्रेक्षक पवन कुमार मालापति (आई0ए0एस0) ने विकास भवन सभागार में पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने प्रेक्षकगणों को लोकसभा सामान्य निर्वाचन की समस्त तैयारियों के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

प्रेक्षकगणों ने उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद का मतदान प्रतिशत कम रहता है इसलिये जनपद के मतदाताओं को मतदान करने हेतु जागरूक किया जाये जिससे वे अपने घरों से निकलकर मतदान दिवस 20 मई को विधानसभा कुण्डा तथा बाबागंज (संसदीय क्षेत्र कौशाम्बी) एवं 25 मई संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ में अपने सम्बन्धित मतदान केन्द्रों पर जाकर मताधिकार का प्रयोग करें जिससे जनपद में शत प्रतिशत मतदान हो सके। उन्होने कहा कि चुनाव के दौरान जो भी छोटी-छोटी कमियॉ हो उसे समय रहते दुरूस्त करा लिया जाये। उन्होने अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न करायें। उन्होने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद में जो संवेदनशील तथा अति संवेदनशील बूथ है वहां पर कड़ी निगरानी रखें और सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम करें। मतदेय स्थलों पर पोलिंग पार्टियों को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े इस पर विशेष ध्यान दिया जाये। सोशल मीडिया सेल पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिये गये और कहा कि कोई भी आपत्तिजनक खबर प्रसारित होती है तो उसका निस्तारण तत्काल कराना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना सभी की जिम्मेदारी है इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सतपाल अंतिल ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत सुरक्षा एवं शान्ति व्यवस्था के सम्बन्ध में प्रेक्षकगणों को विस्तृत जानकारी दी और कहा कि मतेदय स्थलों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये है, अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी की जा रही है, विभिन्न टीमों का गठन कर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, समस्त प्रभारी अधिकारी, पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रेक्षक ने निर्वाचन प्रशिक्षण केन्द्र का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के क्रम में जनपद प्रतापगढ़ में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को जनपद प्रतापगढ़ में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न करने के लिए जनपद प्रतापगढ़ के प्रेक्षक पवन कुमार मालापति द्वारा जनपद के निर्वाचन प्रशिक्षण केंद्र राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ एवं संत एंथोनी इंटर कालेज प्रतापगढ़ का निरीक्षण किया तथा महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रभारी/अधिकारी कार्मिक प्रतापगढ़ नवनीत सेहारा, जिला विकास अधिकारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारी प्रतापगढ़ राकेश प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं उप शिक्षा निदेशक प्रतापगढ़ सरदार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रतापगढ़ भूपेंद्र सिंह, डॉ विंध्याचल सिंह, कुलश्रेष्ठ तिवारी, बृजेश मिश्रा, फादर आनंद कुमार जान, धर्मेंद्र ओझा एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे। इस अवसर पर सुपर मास्टर ट्रेनर डॉ विंध्याचल सिंह, डॉ मोहम्मद अनीस और धर्मेंद्र कुमार ओझा उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति की परीक्षा में देविका ने मारी बाजी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तहसील पट्टी क्षेत्र के ग्राम गोविंदपुर के रहने वाले रमेश चंद्र शुक्ला की पुत्री देविका शुक्ला ने राष्ट्रीय प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति की परीक्षा में 33 स्वामी स्थान हासिल करके सफलता बनाई है।

देविका की सफलता पर देविका के बाबा पूर्व मेजर सूबेदार रामचंद्र शुक्ल एवं दादी तथा बड़े पिता संजय शुक्ला ने शुभकामनाएं और बधाई दी है मंगलवार को मीडिया से बातचीत के दौरान देविका ने बताया कि इस सफलता से उसके हौसला बढ़ा है वह आगे चलकर विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं को शिक्षा प्रदान करने का सपना सजाये हुई है। शुभकामनाएं देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पीएलबी राम प्रकाश पांडेय ने देविका को मिष्ठान खिलाकर मुंह मीठा कराते हुए उज्जवल भविष्य की कामना दी है। देविका की माता मंजू देवी ग्रहणी है और पिक्चर जीविका किस सिलसिले में शहर में रहते हैं छोटी देविका का एक छोटा भाई भी है। देविका की इस सफलता पर परिजनों में खुशी का माहौल व्याप्त है।

# डा0 आरके विद्यार्थी का जीवन युवकों के लिये प्रेरणास्त्रोत: राजा अनिल

## साहित्यकारों को सम्मान पत्र देकर किया गया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के पल्टन बाजार मोहल्ले में वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी डा0 आरके विद्यार्थी की प्रथम पुण्यतिथि संस्कार दिवस के रुप में मनाई गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यार्थी जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन करने के पश्चात मुख्य अतिथि भाजपा नेता राजा अनिल प्रताप सिंह ने कहा कि विद्यार्थी जी सरल व्यक्तित्व के धनी, निष्पक्ष पत्रकारिता की मिसाल थे। उनका जीवन युवा पीढ़ी के लिये प्रेरणा स्वरुप है। समाजसेवी हेमंत नंदन ओझा ने उन्हें सहज हदय का बताते हुए एक कुशल होम्योपैथिक डाक्टर के साथ वास्तविक समाजसेवी बताया। इस दौरान साहित्यकारों को शाल व सम्मान पत्र देकर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार पं0 राम सेवक त्रिपाठी ने विद्यार्थी जी के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला। इसके अलावा डा0 पीयूषकांत शर्मा, भूपेन्द्र शुक्ल एडवोकेट, संतोष पाण्डेय ने उन्हें एक आदर्श पत्रकार के अलावा समाज का वास्तविक प्रेरक व्यक्तित्व बताया। इस अवसर पर आयोजित काव्य गोष्ठी में कवयित्री अर्चना सिंह ने वाणी वंदना किया। कवि सुरेश नारायण व्योम ने आनंदम आनंदम पढ़ा तो श्रोता झूम उठे। कवि चंद्रकांत त्रिपाठी शाश्वत ने मोहब्बत में कहां कब कौन किसकी जान बन जाए पढ़कर लोगों के सामने सच्ची तस्वीर उभेरा। गीतकार सुनील प्रभाकर ने अंधेरे कौन काटेगा, सबेरा कौन बांटेगा के अलावा संचालन अनूप अनुपम ने पिता के जाने के बाद का दर्द इस प्रकार व्यक्त किया कि पिता का जाना छत का फट जाना जैसी अनुभूति कराई। राजेश प्रतापगढ़ी, डा0 अनुज नागेन्द्र, अनीस देहाती, राजनारायण शुक्ल राजन आदि ने अपनी रचनाओं से श्रद्धा सुमन अर्पित किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता पं0 रामसेवक त्रिपाठी व संचालन अनूप अनुपम ने किया। उक्त अवसर पर अधिवक्ता संतोष मिश्रा निःशुल्क, पत्रकार शैलेन्द्र मिश्रा, धर्मेन्द्र सिंह, पारितोष विद्यार्थी, उमेश सिंह, अश्विनी सिंह आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मनीष विद्यार्थी ने सभी आगन्तुकों के प्रति आभार जताया।




कवयित्री को प्रशस्ति पत्र देते भाजपा नेता राजा अनिल प्रताप सिंह।

## बाल विवाह करने पर होगी विधिक कार्यवाही: जिला प्रोबेशन अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया है कि अक्षय तृतीया 10 मई 2024 के अवसर पर होने वाले बाल विवाह का प्रकरण यदि किसी आम जनमानस के संज्ञान में आता है या कहीं हो रहा है तो इसकी सूचना तत्काल जिला प्रोबेशन अधिकारी, 1098 चाइल्ड लाइन, बाल कल्याण समिति एवं पुलिस विभाग को दे सकते है क्योकि बाल विवाह समाज के लिये अभिशाप है। यदि कोई बाल विवाह करता है तो उसके विरूद्ध विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# सरल, सहज स्वभाव के धनी थे नरसिंह प्रकाश मिश्र

## इंदिरा भवन पर कांग्रेस नेता को नम आंखों से दी गई श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**




नरसिंह प्रकाश मिश्र के चित्र पर माल्यार्पण करते जिलाध्यक्ष डा0 नीरज तिवारी।

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कार्यालय, इन्दिरा भवन, अम्बेडकर चौराहा, प्रतापगढ़ में कांग्रेस नेता स्व. नरसिंह प्रकाश मिश्र की स्मृति में चित्र पर माला पहनाकर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी एवम संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया। अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने कहा कि स्व.नरसिंह प्रकाश मिश्र खाटी कांग्रेसी थे, हमेशा कांग्रेस के लिए जिए, कांग्रेस के लिए लड़े और कांग्रेस में ही रहते हुए तिरंगे में लिपटकर चल दिए, उनका इतनी जल्दी जाना प्रतापगढ़ कांग्रेस परिवार के लिए बहुत बड़ी क्षति है। पी.सी.सी सदस्य एवम जूनियर बार एसोसिएशन (पुरातन) के अध्यक्ष रोहित कुमार शुक्ला ने कहा कि स्व.नरसिंह प्रकाश मिश्र बहुत ही सरल, सहज स्वभाव के धनी एवम विशाल नेतृत्व कर्ता थे, वो हमेशा मुहब्बत, भाईचारा की बात करते थे वे खुश दिल मिजाज एवम नेक दिल इंसान थे स उनके द्वारा संगठन के प्रति ईमानदारी से किए गए कार्य को हमेशा याद रखा जाएगा। नगर अध्यक्ष इरफान अली ने ईश्वर से प्रार्थना किया कि स्व. नरसिंह प्रकाश मिश्र को अपने श्रीचरणों में स्थान दे और उनके परिजनों को इस भारी दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। श्रद्धांजलि सभा को मुख्य रूप से संजय सिंह प्रतिनिधि डॉ.एसपी सिंह पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ.वी के सिंह, पी.सी.सी सदस्य डॉ. प्रशान्त देव शुक्ला, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव प्रेम शंकर दिवेदी, कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला, कांग्रेस कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, पप्पू तिवारी, मासूम हैदर, महासचिव आशुतोष तिवारी मुब्बी माबूद, विजय प्रताप त्रिपाठी, अशोक सिंह,राम रतन तिवारी, लल्लन सिंह, सूर्य प्रकाश शुक्ला, यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव मो.हुजैफ, संजय इश्तियाक, सुधीर तिवारी, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष उत्सव भूषण पाल, बेलाल अहमद, विश्वास सिंह, अश्वनी उपाध्याय, कपिल ओझा, रामधन यादव ने सम्बोधित किया।

# औषधीय पौधे मानव जीवन के अभिन्न अंग

**अखंड भारत संदेश**

## विज्ञान केन्द्र ऐंठू में पौधों की खेती पर हुआ प्रशिक्षण

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के विज्ञान केन्द्र ऐंठू में औषधीय एवं सगन्धीय पौधों की खेती पर रविवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ0 रणजीत सिंह ने कहा कि प्राचीन काल से ही मनुष्य रोगों एवं बीमारियों के निदान के लिए विभिन्न प्रकार के पौधों का उपयोग करता आया जी। औषधि प्रदान करने वाले पौधे अधिकतर जंगली होते है।

उन्होंने कहा कि कभी-कभी इन्हें उगाया भी जाता है पौधों की जड़ें, तने, पत्तियॉ, फूल, फल, बीज और यहॉ तक कि छाल का उपयोग भी उपचार के लिए किया जाता है जो कि मानव जीवन के अभिन्न अंग हैं। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के पूर्व उद्यान वैज्ञानिक डॉ सुधाकर सिंह ने कहा कि औषधीय पौधों का महत्व उसमें पाये जाने वाले रसायनों के कारण होता है। भारत में इन पौधों की खेती के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं, औषधीय एवं सगन्धीय पौधों की खेती से टिकाऊ आधार पर लाभ कमाया जा सकता है। भारत में उत्पादित होने वाला सुगन्धित पौधों का तेल फ्रांस, इटली, जर्मनी व संयुक्त राज्य अमेरिका को निर्यात किया जाता है। आज देश के हजारों किसान औषधीय एवं सुगन्धित पौधों की खेती करके अधिक लाभ कमा रहे हैं। एकीकृत कृषि प्रणालियों को अपनाकर पारंपरिक कृषि एवं बागवानी फसलों की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक लाभ कमाया जा सकता है। इस अवसर पर मनीष सिंह, स्वयं सेवक उमाशंकर सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह, राजकुमार गुप्ता तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रदीप सिंह, अवधेश सिंह और किसान सोमेश मौर्या, सुभाष यादव, इन्द्रजीत, मस्तराम, सूरज, दीपचन्द्र, मनोज विश्वकर्मा, अरूण शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

# गहरी जुताई खरीफ फसल के लिये लाभकारी: जिला कृषि रक्षा अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी अशोक कुमार ने किसान भाईयों को सूचित किया है कि ग्रीष्मकालीन जुताई कम लागत में गुणवत्तायुक्त उत्पादन प्राप्त करने के लिये महत्वपूर्ण है। इसे अपनाने से जलवायु मृदा व पर्यावरण प्रदूषण में कमी होती है। कीट एवं रोग नियंत्रण की आधुनिक विधि पर बल दिया जाता है।

रबी फसलों के कटाई के बाद खेत की गहरी जुताई खरीफ फसल के लिये अनेक प्रकार से लाभकारी है। ग्रीष्मकालीन जुताई मानसून आने से पूर्व मई-जून में की जाती है। ग्रीष्मकालीन जुताई का मुख्य उद्देश्य मृदा संरचना में सुधार करना होता है। इससे मृदा की जलधारण क्षमता बढ़ती है जो फसलों के लिये अत्यन्त उपयोगी होती है। खेत को कठोर परत को तोड़कर मृदा को जड़ों के विकास के लिये अनुकूल बनाने के लिये ग्रीष्मकालीन जुताई अत्यधिक लाभकारी है। खेत में उगे हुये खरपतवार एवं फसल अवशेष मिट्टी में दबकर सड़ जाते है और जैविक खाद में परिवर्तित हो जाते है।

इससे मृदा में जीवांश की मात्रा बढ़ती है। गहरी जुताई के बाद मृदा के अन्दर छिपे हुये हानिकारक कीड़े, मकोड़े, उनके अंडे, लार्वा, प्यूपा एवं खरपतवारों के बीज सूर्य की तेज किरणों के सीधे सम्पर्क में आने से नष्ट हो जाते है। इससे फसलों पर कीटनाशकों एवं खरपतवारनाशी रसायनों का कम उपयोग करना पड़ता है। गर्मी में गहरी जुताई के बाद मृदा में पाये जाने वाले हानिकारक जीवार्ण कवक, निमेटोड एवं अन्य हानिकारक सूक्ष्म जीव मर जाते है। मृदा में वायु संचार बढ़ जाता है जो लाभकारी सूक्ष्म जीवों के वृद्धि एवं विकास में सहायक होता है। इससे फसलों के गुणवत्तापूर्ण उत्पादन में लाभ मिलता है। मृदा में वायु संचार बढ़ने से खरपतवारनाशीएवं कीटनाशी रसायनों के विषाक्त अवशेष एवं पूर्व फसल की जड़ों द्वारा छोड़े गये हानिकारक रसायनों के अपघटन में सहायक होती है। टिड्डी जैसे कीट अपने अंडे मिट्टी के भीतर रख देते है। वर्षा की पहली फुहार पर यह विकसित हो जाते है। ग्रीष्मकालीन जुताई के वजह यह अंडे सतह पर आज तो है और पक्षियों द्वारा नष्ट कर दिये जाते है।

## सांसद के भाई पर हमला करने वाले पूर्व प्रधान हुए गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** चुनाव प्रचार के दौरान अराजकता फैलाने वालों पर प्रतापगढ़ एसपी के तेवर सख्त हुए हैं। पुलिस ने रात में ताबड़तोड़ दबिश दी और सराय शंकर के पूर्व प्रधान समेत कई लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। बता दें कि बीती रात प्रतापगढ़ सांसद संगम लाल गुप्ता के भाई दिनेश गुप्ता पर कोंहडौर थाना खेत्र के कांधरुपर बाजार में हमलावरों ने हमला बोल दिया था और गाड़ी तोड़ने और समर्थक को पीटने का आरोप था। बता दें कि दिनेश गुप्ता अपने समर्थकों संग प्रचार से घर वापिस आते वक्त उनके काफिले पर सपा नेता ने हमला बोला था।

# भाजपा सरकार को किसानों और नौजवानों की चिंता नहीं: डा0 एसपी पटेल

## विधान सभा विश्वनाथगंज क्षेत्र के दर्जनों गांवों में किया भ्रमण

**अखंड भारत संदेश**



गांव में आयोजित बैठक में बोलते इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी डा0 एसपी पटेल।

**प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉक्टर एसपी सिंह पटेल के समर्थन में गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान को तेज किया है।

इसी क्रम में मंगलवार को गठबंधन के कार्यकर्ताओं के साथ लोक सभा के प्रत्याशी डॉक्टर एसपी सिंह पटेल ने विधानसभा विश्वनाथगंज क्षेत्र के अकौड़िया, सरोजिनी मोंटेसरी स्कूल भगवतगंज, सगरा सुंदरपर अकारी का पुरवा, अकरिपुर मांधाता, मान्धाता बाज़ार, पूरे बीरबल लक्ष्मणपुर, गोसाईंपुर, सराय मुरार सिंह सहित विभिन्न क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क करने के साथ ही कई कार्यक्रमों में शिरकत कर लोगों से मुलाकात कर अपने पक्ष में मत देकर भारी मतों से जिताने की अपील किया।

वहीं सगरा सुंदर पुर के अकारी का पुरवा में आयोजित जनसभा में शामिल हुए। इस दौरान इण्डिया गंठबंधन के प्रत्याशी डॉ एसपी सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार को किसानों और नौजवानों तथा मध्यम वर्ग की तकलीफों की कोई चिन्ता नहीं है। किसान लागत तक पाने के लिए खेती की रखवाली करने की पीड़ा झेल रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में भ्रमण के दौरान देखने को मिल रहा है कि जनता भाजपा सरकार के कामकाज से कतई संतुष्ट नही है। श्री पटेल ने कहा कि इण्डिया गठबंधन की सरकार बनते ही की गई घोषणा को लागू कर जनता को राहत पहुंचाने का कार्य किया जायेगा। इस मौके पर डॉ हरिश्चंद्र पटेल, विजय यादव, अतुल सिंह, राहुल त्रिपाठी, सोनू पांडेय, रोहित सिंह, बाबूलाल शुक्ला, रामनरेश वर्मा, अमन पटेल, साहिल ख़ान, इमरान ख़ान प्रधान, नन्हे पाल, शैलेंद्र पटेल, इंद्रेश यादव, मेवा लाल, राजू सरोज, अमृतेश सिंह, बृजेश कुमार, अनूप सरोज आदि लोग मौजूद रहे।

## तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना महेशगंज के उ0नि0 शिशिर पटेल मय हमराह का0 राहुल कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त सूरज पाण्डेय पुत्र गिरजाशंकर पाण्डेय निवासी ग्राम छत्ता का पुरवा थाना महेशगंज, जनपद प्रतापगढ़, जनपद प्रतापगढ़ को एक अदद देशी तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर, एक अदद खोखा कारतूस 12 बोर के साथ थानाक्षेत्र महेशगंज के गोपालपुर जाने वाली रोड़, भगवन्त तिराहा से पहले ग्राम गोपालपुर के पास से गिरफ्तार किया गया।

# बाइक से घर जा रहे अधेड़ को पीट कर किया घायल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रिश्तेदारी से घर जा रहे हैं अधेड़ को रास्ते में रोक कर गांव के ही लोगों ने लाठी डंडों से मार-पीट कर घायल कर दिया। जिससे अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली इलाके के रमईपुर नेवादा गांव के रहने वाले मोहम्मद इबरार ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि सोमवार की देर रात वह अपने रिश्तेदारी से घर जा रहा था। वह गांव के समीप पहुंचा था इसी बीच गांव के कुछ युवकों ने उसे रोक कर लाठी डंडों से मारने पीटने लगे। वह मार-पीट के दौरान घायल हो गया। आस-पास के लोगों के बीच बचाव से किसी तरह उसकी जान बची। पीड़ित ने मामले में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी पट्टी के नेतृत्व में जनपद के थाना पट्टी के उ0नि0 श्यामसुन्दर गिरि मय हमराह का0 पवन कुमार अवस्थी, का0 गुलशन कुमार, मय चालक हे0का0 मुकेश त्रिपाठी द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र पट्टी के पट्टी चांदा मार्ग पर श्रीनाथपुर गांव की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पुलिया के पास के पास 01 अभियुक्त बोधई राम वर्मा पुत्र स्व0 पयाग वर्मा निवासी श्रीनाथपुर थाना पट्टी, जनपद प्रतापगढ़ को 400 ग्राम अवैध गांजा एवं गाजा बिक्री के 200 रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना पट्टी में मु0अ0सं0 155/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## गैर इरादतन हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध/अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना लालगंज से उ0नि0 सुरेन्द्र सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना लालगंज में पंजीकृत मु0अ0सं0 164/24 धारा 304 भा0द0वि0 से संबंधित अभियुक्त अनवर अली पुत्र सुलेमान निवासी ग्राम देल्हुपुर (गड़रियन का पुरवा) थाना लालगंज,जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र लालगंज के रायपुर तियाई के पास से गिरफ्तार किया गया।

# प्रभात एकेडमी की जानवी ने हाईस्कूल में टॉपर लिस्ट में बनाया स्थान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आईसीएसई की हाईस्कूल की परीक्षा में प्रभात एकेडमी की छात्रा जानवी श्रीवास्तव ने 85 प्रतिशत अंक पाकर टॉपर लिस्ट में अपना स्थान बनाया है।

बता दें कि जानवी पढ़ाई के साथ कला और नृत्य के क्षेत्र में जिले का नाम रोशन कर चुकी हैं। जानवी की इस कामयाबी पर प्रभात एकेडमी के प्रधानाचार्य प्रभात शर्मा ने खुशी जताते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। जानवी श्रीवास्तव के पिता रमाकांत श्रीवास्तव पुलिस विभाग में दरोगा हैं और मां सारिका श्रीवास्तव समाजसेविका के रुप में चर्चित हैं।



जानवी श्रीवास्तव।

# आदर्श आचार-संहिता का अनुपालन किया जाय : सामान्य प्रेक्षक

## सामान्य प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक द्वारा प्रत्याशियों/निर्वाचन अभिकर्ताओं के साथ बैठक, व्यय प्रेक्षक ने कहा कि प्रत्याशी निर्वाचन व्यय, व्यय रजिस्टर में निर्धारित स्थान पर साक्ष्य सहित करें अंकित

अखंड भारत संदेश





**कौशाम्बी।** सामान्य प्रेक्षक डॉ0 विशाल आर0, मा0 व्यय प्रेक्षक विनय कुमार थामी एवं रिटर्निंग ऑफिसर राजेश कुमार राय द्वारा उदयन सभागार में 50-कौशाम्बी (अ0जा0) निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों/ निर्वाचन अभिकर्ताओं के साथ बैठक की गई।

बैठक में सामान्य प्रेक्षक ने प्रत्याशियों निर्वाचन अभिकर्ताओं से कहा कि आदर्श आचार संहिता का अनुपालन किया जाय। कोई दल या अभ्यर्थी ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नहीं होगा, जिससे भिन्न जातियों और धार्मिक या भाषाई समुदायों के बीच विद्यमान मतभेद अधिक गंभीर हो सकते हैं या परस्पर नफरत हो सकती हैं या तनाव पैदा हो सकता है। मत प्राप्त करने के लिए जाति या सम्प्रदाय की भावनाओं के आधार पर कोई अपील नहीं की जायेंगी। मस्जिदों, चर्चों, मन्दिरों और पूजा के अन्य स्थलों को निर्वाचन प्रचार के मंच के रूप में प्रयुक्त नहीं किया जायेंगा। उन्होंने कहा कि पूर्वानुमति प्राप्त करके ही सभा एवं जुलूस आदि कार्यक्रम आयोजित किया जाय तथा यह सुनिश्चित किया जाय कि सोशल मीडिया पर पोस्ट की जाने वाली विषय-वस्तु आदर्श आचार-संहिता के अनुरूप हों। व्यय प्रेक्षक विनय कुमार थामी ने प्रत्याशियों/निर्वाचन अभिकर्ताओं से कहा कि प्रत्येक प्रत्याशी अपना निर्वाचन व्यय रू0-95 लाख की सीमा के अन्दर ही करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्याशी सम्पूर्ण व्यय निर्वाचन व्यय रजिस्टर में निर्धारित स्थान पर साक्ष्य सहित अंकित करें तथा निरीक्षण तिथियों में स्वयं अथवा अभिकर्ता उपस्थित होकर निरीक्षण कराना सुनिश्चित करें। रिटर्निंग ऑफिसर राजेश राय ने प्रत्याशियों निर्वाचन अभिकर्ताओं को आदर्श आचार-संहिता की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि आदर्श आचार-संहिता का प्रत्येक दशा में अनुपालन किया जाय। उन्होंने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-127(क) के अन्तर्गत निर्वाचन पैम्फलेट व पोस्टर आदि को मुद्रित या प्रकाशित कराये जाने से सम्बधित विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने वोटर फैसिलिटी सेन्टर, ई0डी0सी0 (इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट) एवं डाक मतपत्र के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नामांकन-पत्र के साथ दाखिल शपथ-पत्र में वर्णित आपराधिक मामलों को निर्वाचन क्षेत्र में व्यापक सर्कुलेशन वाले 02 समाचार-पत्रों (एक राष्ट्रीय समाचार पत्र एवं एक स्थानीय समाचार पत्र) में निर्धारित प्रारूप सी-1 पर न्यूनतम 12 के फॉन्ट में नियमित अन्तराल पर 03 बार प्रकाशित एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनल में प्रसारित कराना बाध्यकारी हैं।

प्रभारी अधिकारी व्यय लेखा/ वरिष्ठ कोषाधिकारी ने प्रत्याशियों/ निर्वाचन अभिकर्ताओं को निर्वाचन व्यय से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी देते हुए कहा कि सोशल मीडिया में चुनाव प्रचार के लिए बनाये गये एकाउण्ट की डिटेल उपलब्ध कराना होंगा। सोशल मीडिया पर चुनाव प्रचार के लिए प्रयुक्त विषयवस्तु के लिए की गई व्यय, प्रत्याशी के सोशल मीडिया एकाउण्ट का संचालन करने वाले व्यक्ति को दिये गये वेतन/पारिश्रमिक का व्यय तथा परिचालन का व्यय, प्रत्याशी का व्यय माना जायेंगा, इससे सम्बन्धित विवरण प्रत्याशी को व्यय अनुवीक्षण टीम को प्रस्तुत करना होंगा। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी द्वारा कार्यालय खोलने एवं वाहन की परमिशन आदि व्यय का विवरण देना होंगा। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी अपने निर्वाचन के लिए प्राप्ति के रूप में रू0-10 हजार से अधिक किसी भी व्यक्ति/संस्था से नगद प्राप्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी द्वारा किसी भी मद में किसी व्यक्ति/फर्म को सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान रू0-10 हजार से अधिक का नगद नहीं दिया जा सकता। चुनाव का समस्त व्यय प्रत्याशी/अभिकर्ता द्वारा अपने चुनाव के लिए खोले गये बैंक एकाउण्ट से ही किया जायेंगा। उन्होंने कहा कि दिनांक 09 मई, 13 मई एवं 17 मई 2024 को प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक सरस हाल विकास भवन में वे स्वयं या उनके द्वारा निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने के लिए निर्वाचन व्यय अभिकर्ता निर्धारित समय से उपस्थित होकर अपना व्यय लेखा प्रस्तुत करें।इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड, अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह एवं सभी एसडीएम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा प्रत्याशी/ निर्वाचन अभिकर्ता उपस्थित रहें।

## टप्पेबाजो ने दिनदहाड़े घर में घुसकर उड़ाए नगदी समेत लाखों के गहने



**महगांव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मलाक मोईनउद्दीनपुर गांव से दिनदहाड़े डॉक्टर के घर में घर में घुसकर अज्ञात चोरों ने नगदी समेत लाखों के गहने उड़ा दिए, जिस वक्त घर में चोरी हुई उस वक्त घर में केवल डॉक्टर की पत्नी दवा खा कर अन्दर कमरे में सो रही थी मौका देख टप्पेबाजो ने घर में रखे लाखो के गहने और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। जब घर में चोरी की सूचना मिली तो संदीपन घाट थाने में सूचना दी गई सूचना मिलते ही पुलिस पीड़ित के घर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई। मिली जानकारी के मुताबिक मलाक मोईनउद्दीनपुर गांव के रहमान उल्ला पुत्र स्व मसी उल्ला अपनी एक निजी क्लीनिक में काम करते हैं मंगलवार को जब वह काम पर चले गए थे और उसका छोटा भाई भी किसी काम से बाहर गया हुआ था तभी रहमान उल्ला की पत्नी जिसका इलाज चल रहा है दवाई खा कर दूसरे कमरे में रही थी मौका देखकर कुछ अज्ञात चोर घर में घुसे और घर से लाखों रूपए के गहने व 20 हज़ार रुपए नगदी लेकर फरार हो गए। रहमान उल्ला के मुताबिक जब उसके बच्चे स्कूल से घर वापस आए और घर में समान बिखरा देखे तो बच्चो ने अपनी माता को बताया उसके बाद रहमान उल्ला की पत्नी के उसे जानकारी दी, जानकारी के बाद चोरी की घटना की सूचना संदीपन घाट थाना प्रभारी को दिया और कार्यवाही की मांग की।

## मीटर रीडरो ने विद्युत अधीक्षण अभियन्ता को समस्याओं का सौंपा ज्ञापन

**कौशाम्बी।** 30 माह से मीटर रीडरो को आईपीएफ ईएसआई व वेतन का पूर्ण भुगतान न मिलने से नाराज़ सैकड़ो बिजली मीटर रीडरो ने मंगलवार को विद्युत अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया और अपनी समस्याओं का ज्ञापन अधिक्षण अभियंता को सौंपते हुए कहा कि जब तक हमारी समस्याओं का समाधान नही होता है तब तक मीटर रीडर अपने कामों को ठप रखेंगे। धरना पर बैठे मीटर रीडरो का कहना है कि वह सभी मेसर्स स्टर्लिंग टेक्नोलॉजी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड तिरुपति में मीटर रीडर के पद पर कार्यरत सभी मीटर रीडिंग का कार्य कर रहे हैं। उनका कहना है कि जिस कम्पनी के द्वारा उन लोगों लगभग 30 माह से मात्र औसतन पैसा देकर कहा जाता है, कि अभी प्रबंध निदेशक प्राइवेट लिमिटेड विद्युत वितरण वाराणसी के यहां से भुगतान

### जिले में 30 माह से मीटर रीडर का आईपीएफ, ईएसआई व वेतन का पूर्ण भुगतान न होने से भड़के मीटर रीडर काम करेगे ठप



नहीं हुआ है जैसे ही भुगतान होगा हम आप सभी के द्वारा जो भी कार्य किया गया है उसका और काटे गए आईपीएफ व ईएसआई का पूर्ण भुगतान कर देंगे ऐसा कहते हुए कंपनी की जोनल अधिकारी व मैनेजमेंट अधिकारियों को 30 माह बीत गए जबकि पूर्वांचल विद्युत वितरण के यहां से कंपनी का भुगतान हो चुका है और आज तक ना तो उन लोगों को कंपनी के द्वारा बताए गए शर्तानुसार भुगतान नहीं किया गया कंपनी द्वारा बताया गया है कि मैन्युअल बिल्डिंग का तीन रुपया , मोबाइल डाउनलोडेड बिलिंग प्रोब का चार रुपया व विद्युत जमा करने पर 4.5 रुपया प्रति उपभोक्तागण की दर से दिया जाएगा किंतु औसतन भुगतान के बाद आज तक ना तो भुगतान किया गया ना ही हिसाब किया गया। जब तक हिसाब व उनके वेतन के पैसों का पूर्ण भुगतान नहीं किया जाता तब तक मीटर रीडर अपने कार्य का बहिष्कार करेंगे। अधिक्षण अभियंता से कहा कि मामले में सबंधित अधिकारी को आदेशित करे कि मेसर्स स्टर्लिंग टेक्नोलॉजी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड तिरुपति का इन्वाइस वेरिफिकेशन न किया जाए जब तक मीटर रीडरो को उनके कार्यों का पूर्ण भुगतान व पूर्ण आईपीएफ, ईएसआई का पैसा नही प्राप्त हो जाता। अधिक्षण अभियंता ने मीटर रीडरो की समस्या का शीघ्र ही समाधान कराने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर संतोष, प्रवीण कुमार, आदित्य कुमार, अशोक, चरन सिंह, अखिलेश कुमार , शुभम गुप्ता, विजय कुमार आदि सैकड़ों की संख्या में मीटर रीडर मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### स्कूल बस बैक करने से मासूम बच्ची की कुचलकर मौत



**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र में घर से बाहर निकली मासूम बच्ची को स्कूल बस ने कुचल दिया है हादसे में मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई,मासूम की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया,घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मासूम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के मलाक भारत निवासी मोहम्मद कासिम की दो साल की मासूम बेटी ईनाया बानो मंगलवार की सुबह साढ़े सात बजे घर से बाहर निकल आई,तभी स्कूल बस के चालक ने बस को बैक कर दिया,जिसमे मासूम बच्ची टायर के नीचे आ गई,और उसकी मौत हो गई ।मासूम बच्ची में मौत से परिजनों में कोहराम मच गया ।घटना की सूचना पर पहुंची चरवा थाना पुलिस ने मासूम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई है।

### भाजपा अनुसूचित मोर्चा के महामंत्री ने पार्टी से दिया इस्तीफा



**कौशांबी।** भारतीय जनता पार्टी में भी भगदड़ मचती दिखाई पड़ रही है पार्टी पदाधिकारी का इस्तीफा देने का सिलसिला शुरू हो गया है भारतीय जनता पार्टी में अनुसूचित मोर्चा के जिला महामंत्री ने पार्टी से इस्तीफा देते हुए पत्र जिलाध्यक्ष को भेजा है सिराथू विधानसभा क्षेत्र के रामपुर धमावा के रहने वाले राम प्रसाद पासी भारतीय जनता पार्टी में अनुसूचित मोर्चा के जिला महामंत्री के पद पर कार्य कर रहे थे । मंगलवार को राम प्रसाद ने पार्टी जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य सहित पत्रकारों से मुखातिब होते हुए बताया कि वह भाजपा में पिछले पांच वर्षो से काम कर रहे थे। राम प्रसाद ने पार्टी पर सामाजिक न्याय देने में भेदभाव व संविधान में छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया है।

### महिला की जमीन पर जबरन फिर शुरू किया गया निर्माण

#### शातिर के पास मौजूद मृतक की बंदूक को नहीं जमा कर रही है थाना पुलिस



**कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के चरवा थाना अंतर्गत चरवा खुर्द की महिला मंजू मिश्रा पत्नी मनोज मिश्रा की आराजी संख्या 1447 पर परिवार के दबंग जबरिया निर्माण कर रहे है निर्माण करने वाले महिला के देवर और सौतेले पुत्र हैं जिस पर महिला निर्माण का विरोध कर रही है लेकिन दबंग के हौसले बुलंद है और निर्माण नहीं रुक सका बताया जाता है कि महिला के ससुर की संपत्ति की फर्जी इकरारनामा कर जमीन पर कब्जा किया जा रहा है इकरारनामा में स्टांप के खरीद रजिस्टर से लेकर जांच शुरू कराई गई तो इकरारना का स्टाम्प ही फर्जी होना साबित होगा महिला के ससुर के नाम से उनकी मृत्यु के बाद बनाए गए इकरारनामा का मुकदमा भी अदालत में विचाराधीन है दबंग अदालत के निर्णय का इंतजार नहीं कर रहे हैं थाना पुलिस से लेकर तहसील भी अदालत के फैसले तक निर्माण रोकने का आदेश नहीं दे रही है अदालत में मुकदमा विचाराधीन होने के बाद भी तहसील प्रशासन से लेकर थाना पुलिस तक जमीन के जबरिया निर्माण को नहीं रोक रही है एक सप्ताह के बीच दो बार जमीन में निर्माण की कोशिश की जा चुकी है जिससे तनाव की स्थिति बनी हुई है पहली बार मृतक की बंदूक लेकर जान से करने के लिए दबंगों द्वारा महिला को दौड़ाया जा चुका है और यह बन्दूक मृतक के नाम है जिसे थाना पुलिस ने जमा नहीं कराया है आखिर मृतक की बंदूक घर पर कैसे मौजूद है यह थाना पुलिस की भी लापरवाही है जबकि कई दिन पहले थाना अध्यक्ष से मृतक के नाम के बंदूक घर मे मौजूद होने की जानकारी भी दी गई है लेकिन जानकारी मिलने के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की शातिर परिवार के लोगों ने इसके पहले कई गम्भीर अपराध किए हैं हालांकि पुलिस अभिलेखों में गम्भीर अपराध नहीं दर्ज हो सका है जिससे शातिरों के हौसले बुलंद हैं महिला ने मामले की सूचना उप जिला अधिकारी चायल और थाना पुलिस को दी है लेकिन उसके बाद दबंग के अवैध निर्माण पर रोक नहीं लग सका है महिला ने आशंका व्यक्ति की है कि जमीन निर्माण में लगे उसके परिवार के दबंग उसकी हत्या कर सकते हैं।

### धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान



**कौशाम्बी** गंगा तट कुबरी घाट पर गंगा गोमती टेक्निकल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट तपोभूम कड़ा धाम की ओर से प्रतिभाशाली विद्यार्थी सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य डॉक्टर सुनील कुमार शुक्ला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय कौशांबी रहे कौशांबी जिला के धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान संस्था की ओर से मुख्य अतिथि सुनील कुमार शुक्ला गंगा गोमती समिति अध्यक्ष विनय कुमार पांडेय एवम प्रधानाचार्य डॉक्टर रामकरण त्रिपाठी ने प्रदेश में आठवाँ स्थान प्राप्त छात्रा प्रियांशी मौर्य,तथा नौवाँ स्थान प्राप्त छात्र शिवम यादव तथा इण्टर मीडिएट में प्रदेश में नौवाँ स्थान प्राप्त छात्रा श्वेता राजपूत सहित जिले की टॉप-10 सूची में स्थान प्राप्त करने वाले धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन के 20 छात्र/छात्राओं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अंग वस्त्र भेट कर सम्मानित किया गया । मेधावियों को नौका विहार भी करवाया गया । वरुण प्रकाश जोशी प्रवक्ता शिक्षक शीतला प्रसाद पांडे शिक्षक पुनीत कुमार अग्रहरी शिक्षक बलवंत कुमार शिक्षक इस कार्यक्रम के संचालक मनीष कुमार शिक्षक कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहा है गंगा गोमती समिति अध्यक्ष विनय पांडे ने अतिथियों का अंग वस्त्र से सम्मानित किया मुख्य अतिथि सुनील कुमार शुक्ल प्रधानाचार्य राज चिकित्सा महाविद्यालय कौशांबी डॉक्टर रामकिरण त्रिपाठी धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन ने बच्चों को प्रशस्ति पत्र अंग वस्त्र भेंट किया उसके बाद मां गंगा की आरती बच्चों से कराई गई इस कार्यक्रम में गंगा गोमती समिति के सदस्य अमित कुमार निषाद क्रिश सविता अवधेश कुमार मिश्रा राजकुमार मिश्रा संदीप मोदनवाल मनोज द्विवेदी संतोष पंडा अफसर अहमद राजेश सोनी आदि अनेकों लोगो की उपस्थिति रही।

## बनिया लतखोर है जहां जात है वही लात खात है सांसद विनोद सोनकर के सामने

### किसी देश की समृद्धि, यश, मान, गौरव वहां के व्यापारियों से होता है इसके बावजूद दोयम दर्जे का बयान कौन सी मानसिकता...

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** लोकसभा चुनाव का जैसे जैसे पारा बढ़ता जा रहा है वैसे वैसे कौशांबी का सियासी पारा भी पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बन गया है। बड़बोले सांसद विनोद सोनकर का आए दिन विवादित वीडियो इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। वीडियो में ऐसी चर्चा की किसी भी घटिया से घटिया नेता के ऐसे शब्द नही हो सकते। ऐसा भी नही है कि एक ही वीडियो हो बल्कि कई वीडियो कई पार्ट में सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जिसमे कई जाति के लोगों को बारी बारी से अपमानित किया गया है। लेकिन इतना सब होने के बाद भी अभी भी वायरल वीडियो बंद होने का नाम नहीं ले रही है इतना तो तय है कि सांसद के एक नही कई चेहरे है उन सभी चेहरों पर अलग अलग मुखौटे हैं उन सबकी धज्जियां उड़ाती वायरल वीडियो जनता को आईना दिखा रही है। भाजपा सांसद विनोद सोनकर के वेब सीरीज टन टना टन टन के पार्ट लगातार वायरल हो रहे हैं बैश्य समाज के 50 करोड़ की जमीन का 25 करोड़ में सौदा कर कब्जा कराने की बात सांसद विनोद सोनकर कह रहे उनके सामने बैठा व्यक्ति सांसद से कह रहा है कि बनिया लतखोर है जहां जात है वही लात खात है और सांसद मौन समर्थन दे रहे हैं। कहते हैं किसी देश की रीढ़ यानी की अर्थवयस्था में कोई जान फूंकता है तो वो देश का व्यापारी होता है जिसके व्यापार से न केवल देश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होती है बल्कि देश का सिर भी गर्व से ऊंचा होता है लेकिन जब ऐसे ऐसे नेता होंगे जो जनता के ऊपर अपने आप को समझ लेता है। वे अपने आपको जनता का माई बाप समझ लेते हैं इन्हे नही पता है जिस जनता ने अपने सिर पर बैठाया है वही जनता जब कुर्सी से उतारती है तो उस नेता को कहीं बैठने तक की जगह नहीं बचती है। बीते दो चुनाव में बनियों के समर्थन से सांसद विनोद सोनकर भारी बहुमत से बिजई हुए थे लेकिन यह बात वहां भूल चुके हैं। कहते है जब सत्ता का नशा चढ़ता है तब क्या गलत है क्या सही उसे कुछ भी परवाह नही रह जाता है। जो बनिया देश की आर्थिक हालत सुधारने में दिन रात एक कर रहा हो उसी का अपमान ऐसे किसी नेता के सामने होता हो वो नेता हां में हां मिला रहा हो ऐसे नेता समाज को किस स्तर पर लें जाना चाहते है ये तो देखने वाली बात हो गई है। वायरल वीडियो में सांसद विनोद सोनकर की परत दर परत चढ़ी कलई को उतार कर जनता को आईना दिखा रही है कि उन्होंने ऐसे नेता का चुनाव कर लिया था जिसे रत्तीभर जनता की परवाह नहीं है।

## विनोद सोनकर को सांसद से पूर्व सांसद बनाने मे सहयोग की अपील

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कौशांबी लोकसभा चुनाव के दौरान सांसद विनोद सोनकर का एक से एक आपत्तिजनक वीडियो सामने आ रहा है जिस पर जनमानस के बीच आक्रोश दिखाई पड़ रहा है विनोद सोनकर के सामने बनिया लतखोर है जहां जात है वही लात खात है का वीडियो सामने आने के बाद बनिया समुदाय के लोगों ने कहा है कि सांसद विनोद सोनकर को पूर्व सांसद बनना है और इसमें सहयोग की जरूरत है। समाज के लोगों ने कहा कि सम्मानित सभी वैश्य समाज के जिला संगठन के प्रमुख अध्यक्ष संयोजक से विनम्र निवेदन है कि वैश्य समाज विरोधी सांसद विनोद सोनकर का राजनैतिक बहिष्कार करे इसको सांसद से पूर्व

सांसद विनोद सोनकर के सामने कहा कि बनिया लतखोर होत हैं जहां जात है वही लात खात है

सांसद विनोद सोनकर को मालूम नहीं है क्या अमित शाह नंद गोपाल गुप्ता भी है बनिया

सांसद बनाने मे अपना सहयोग दे अपनी ताकत का अहसास कराये नही तो जो चाहे गा वही समाज का अपमान करेगा कोई किसी दल का हो समाज का अपमान बिल्कुल बर्दास्त नाही होना चाहिए बनिया समाज के नेताओं ने कहा कि पानी जमने मत दो नहीं काई लग जाएगी इस अभद्रता के बाद बनिया समाज के लोग क्या फिर विनोद सोनकर को सांसद बनाकर अपना मर्दन करायेगे।

## लू-प्रकोप (हीटवेब) से कृषि फसलों की सुरक्षा भूमि में जल एवं नमी संरक्षण के लिए क्या करें

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मौसम आधारित राज्य स्तरीय कृषि परामर्श समूह द्वारा मौसम पूर्वानुमान के दृष्टिगत साप्ताहिक/ पाक्षिक रूप से कृषको के उपयोगार्थ प्रदेश में लू-प्रकोप (हीटवेब) से कृषि फसलों की सुरक्षा/भूमि में जल एवं नमी संरक्षण के लिए संस्तुतियॉ/एडवाइजरी जारी की गई है। उक्त जानकारी जिला कृषि अधिकारी द्वारा दी गई है। किसान भूमि में नमी संरक्षण के लिए मल्चिग एवं खरपतवार नियंत्रण की व्यवस्था सुनिश्चित करें एवं मल्च के रूप में बायोमास जैव उत्पाद का प्रयोग करें फसलों की सीडलिंग (पौध) की अवस्था में मल्चिग करें सिंचाई जल की क्षति न्यूनतम करने के लिए फसलों की सिंचाई के लिए स्पिकलर एवं ड्रिप सिंचाई विधि का प्रयोग करे नियमित अन्तराल पर सायंकाल में खेतों मे हल्की सिंचाई करें समय-समय पर अन्तःकर्षण क्रियाओं से तैयार मल्च द्वारा भूमि सतह से होने वाली नमी की वाष्पीकरण द्वारा होने वाली हानि को रोकें खेतो मे जैविक खादों का प्रयोग करें फसलों की बुआई पंक्तियो में करें सिंचाई नाली में सिंचाई करते समय जल की क्षति, तीव्रता को कम करने के लिए सबसे आसान एवं सस्ती तकनीक के रूप में पॉलीथीन शीट का उपयोग करें। सिंचाई पूर्ण हो जाने पर इस पॉलीथीन शीट को उठा लें एवं सके साथ ही सिंचाई के लिए कन्वेंस पाइप का उपयोग करें खेत पूर्णतया समतल होने चाहिए, जिससे कि सिंचाई-जल पूरे खेत अथवा खेत के टुकडों में समान रूप से वितरण हो सकें उपरहार भूमियों में सिंचाई के लिए कन्टूर ट्रैन्च विधियों का प्रयोग करें भूजल ही सबसे ज्यादा भरोसे का सिंचाई जल श्रोत है, इसके अन्यायपूर्ण दोहन से बचें कठोर अवमृदा/चट्टानी इलाकों के कुंओं में जल की उपलबधता में निरन्तरता बनाये रखने के लिए लगातार पम्पिंग की जगह थोडे समय की पम्पिंग कुछ-कुछ समयान्तराल पर करना चाहिए।धान नर्सरी में पर्याप्त नमी रखें व पानी की निकासी करें।

## गर्मी में पशुओं को अत्यधिक गर्मी एवं गर्मी के प्रकोप (हीट स्ट्रेस) से बचाने के लिए क्या करें

**कौशाम्बी।** गर्मी तेजी से बढ़ रही है। गर्मी बढ़ने पर शरीर में पानी की कमी हो सकती हैं। पानी शरीर का एक महत्वपूर्ण तत्व हैं। शरीर में 65 प्रतिशत के करीब पानी होता है। शरीर के खून में 80 प्रतिशत पानी होती है। अतः शरीर में पानी की कमी आती है। दूधारू पशुओं का दूध कम हो जाता है। गाभिन पशुओं में गर्भपात हो जाता है, पशुओं में स्ट्रेस स्तर बढ़ता है, जिससे प्रतिरोधक क्षमता में कमी आती है। पशु पक्षियों को बुखार हो जाता है। समय पर पानी की पूर्ति न होने पर पशु निढ़ाल हो जाता है और मृत्यु भी हो सकती है। इसलिए गर्मी से बचाव की व्यवस्था करना बहुत ही महत्वपूर्ण बिन्दु है। गर्मी के समय आपको क्या सावधानी रखनी है। यह प्रत्येक पशुपालक और आम व्यक्ति को इसकी जानकारी होनी चाहिए। तमाम ऐसे पशु है जो निराश्रित हैं उनके प्रति भी आपको दया का भाव रखना है। उनके लिए भी व्यवस्था करनी है। उनके लिए आप घर के बाहर पानी की व्यवस्था कर सकतें हैं। पक्षियों के लिए छत पर पानी की व्यवस्था कर सकतें हैं, जो भी पानी रखें उसको आप समय-समय पर बदलते रहें और पानी को छायादार स्थान पर ही रखें। गर्म पानी पशु पक्षियों को नुकसान कर सकता हैं। यदि पशु पक्षी बहुत हॉफ रहा हो, कमजोरी और थकान महसूस कर रहा हो मुंह से लार टपक रही हो, उसके हृदय की गति बढ़ गयी हो और वह निहाल पड़ गया हो तो यह लक्षण गर्मी से होने वाले हीट स्ट्रेस के लक्षण हो सकतें हैं। तत्काल नजदीकी पशु चिकित्साधिकारी से सम्पर्क करें और इलाज कराये। भार ढ़ोने वाले या काम करने वाले पशुओं को गर्मी के समय 12 बजे से 03 बजे तक अवशय आराम दें। 37 डिग्री से अधिक तापमान होने पर इस नियमों का पालन आवशय करें अन्यथा पशुओं के प्रति क्रूरता का अपराध माना जायेंगा। अपने पालतू पशुओं को नियमित रूप से नमक संतुलित पशुओं आहार मिनरल मिक्चर प्रतिदिन दें। इससे दुधारू पशुओं के दूध में कमी नहीं आयेंगी। पशुओं में स्ट्रेस नहीं होगा। स्ट्रेस आने से प्रतिरोधक क्षमता में कमी आ जाती है और विभिन्न प्रकार की बीमारियां होती है। जन सामान्य से अनुरोध है कि पशुओं के प्रति दया का भाव रखते हुए गर्मी और लू से बचाने के लिए उपरोक्त बताये गये उपायों को खुद करें और अन्य व्यक्तियों को जागरूक कर प्रेरित करें।

## बीओबी विजिया चौराहा के कर्मचारी ग्राहक को करते गुमराह

**तिल्हापुर मोड़ कौशाम्बी।** विजिया चौराहा स्थिति बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा के मैनेजर से लेकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी दिनेश कुमार तक बैंक ग्राहकों को गुमराह करने में जुटे है यदि उनका मन हो तो बैंक खाता धारकों का खाता चेक कर शेष धन राशि बता देंगे वरना इस बैंक के कर्मचारी और अधिकारी बैंक ग्राहकों को रौब दिखा कर बेवकूफ बना देते है कैशियर और मेनेजर को यह भी नहीं पता होता कि किसी एनजीओ का खाता खोलने के लिए कौन सा फार्म लगता है और खाता नहीं खुलेगा ऐसा बता कर वापस कर दिया जाता है बात यहां तक है कि जहां सरकार भी ऑनलाइन भुक्तान पर जोर दे रही है वही बैठा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी दिनेश कुमार पहले फार्म न होने की बात कर टाल मटोल करता है उसके बाद फिर कहता है बीओबी वार्ड ऐप तीन चार महीने से बंद हो गया अब नही बनेगा ग्राहकों और खाता धारकों को वापस करने का भरपूर प्रयास किया जाता है इस प्रकार से बैंक ऑफ बड़ौदा विजिया चौराहा में जुगाड़ू आदमी को ले कर जाने से कम जल्दी करने की प्रथा पुरानी है इस कर्मचारियों को तत्काल कार्यवाही करने की जरूरत है ।जिससे भोले भाले ग्रामीणों को बेवकूफ बनाने का कम इस बैंक में बंद हो सके।

## संपादक की कलम से

### अप्रत्याशित रुप से राहुल गांधी का मनोबल बढ़ा रहे प्रधानमंत्री मोदी

यह प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के बारे में भ्रम था जिसने विपक्ष को बिना पीएम उम्मीदवार के चुनाव का सामना करने के लिए प्रेरित किया, और इस बात पर जोर दिया कि पहला काम मोदी की पीठ देखना था। राहुल गांधी को तस्वीर से दूर रखने की अपनी बेताब कोशिश में, ममता और केजरीवाल ने मल्लिकार्जुन खड़गे को प्रधानमंत्री पद के चेहरे के रूप में प्रस्तावित किया। भले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा की पहचान की राजनीति के एक नये चरण के साथ तालमेल बिठाते हुए, राहुल गांधी पर अपने हमले की तीव्रता बढ़ा दी है, वह गांधी परिवार पर एक बड़ा उपकार कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि मोदी ने विपक्षी इंडिया गुट के प्रधानमंत्री पद के चेहरे के मुद्दे को राहुल के पक्ष में सुलझा लिया है।

राहुल गांधी ने अतीत में लगातार प्रधानमंत्री पर अडानी और अंबानी का आदमी, चोर चौकीदार और कई अन्य बातें कहकर खुद को मोदी के खिलाफ खड़ा करने की असफल कोशिश की है। लेकिन 2024 के चुनावों के अभियान में, विशेषकर पहले दो चरणों के मतदान के साथ, मोदी ने अपने अभियान को एक नया मोड़ दे दिया है। यह मोदी ही हैं जो राहुल को अपने खिलाफ खड़ा कर रहे हैं। यह कांग्रेस पार्टी के लिए अरबों रुपये का बोनस है, अन्यथा उसने राहुल को विपक्ष के पीएम पद के उम्मीदवार के रूप में पेश करने के लिए बड़ी रकम खर्च की होती, इसके अलावा अन्य दावेदारों से गंभीर प्रतिरोध का सामना भी करना पड़ता। हाल के दिनों में राहुल गांधी के लिए उनके अपमानजनक उपनाम शहजादा ने और अधिक लोकप्रियता हासिल की है और मोदी के चुनावी भाषणों का मुख्य आधार बन गया है। यहां तक कि वह कह रहे हैं कि पाकिस्तानी और वे सभी जो भारत की प्रगति को देखने से नफरत करते हैं, राहुल को प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठते देखना चाहते हैं, एक तरह से यह स्वीकार करते हुए कि अगर कभी विपक्षी की सरकार बनती है तो वही इसका नेतृत्व करेंगे। वास्तव में मोदी ने स्पष्ट रूप से ममता, केजरीवाल, अखिलेश और अन्य सभी को दौड़ से बाहर कर दिया है। इस प्रकार मोदी ने इंडिया गुट को सबसे जटिल समस्या से उबरने में मदद की है। एक समय क्षेत्रीय क्षत्रपों की प्रधानमंत्री पद की महत्वाकांक्षा पर विपक्षी एकता लड़खड़ा रही थी। ममता ने विपक्षी पाले से गेंद खेलने से इनकार कर दिया, क्योंकि उन्हें लगा कि कांग्रेस के पास इस प्रतिष्ठित पद के लिए केवल एक ही नाम है। अरविंद केजरीवाल ने भी खुद को कोई झटका नहीं माना क्योंकि उनकी पार्टी को अपनी अखिल भारतीय क्षमता का तेजी से एहसास हो रहा था। नीतीश कुमार, जिन्होंने खुद को मोदी की जगह पर खड़ा करने का सपना देखा था, तब से किनारे लग गये हैं, और उन्हें पाला गया, पालतू बनाया गया और मृत घोड़ा घोषित कर दिया गया, जबकि केजरीवाल पीएम हाउस तक तबादले के सपने देखने के बजाय तिहाड़ जेल में अपने समय बिताने के प्रति अधिक जुनूनी हैं। यह प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के बारे में भ्रम था जिसने विपक्ष को बिना पीएम उम्मीदवार के चुनाव का सामना करने के लिए प्रेरित किया, और इस बात पर जोर दिया कि पहला काम मोदी की पीठ देखना था। राहुल गांधी को तस्वीर से दूर रखने की अपनी बेताब कोशिश में, ममता और केजरीवाल ने मल्लिकार्जुन खड़गे को प्रधानमंत्री पद के चेहरे के रूप में प्रस्तावित किया और कांग्रेस अध्यक्ष ने, हालांकि अपनी प्रतिक्रिया में विनम्र थे, कुछ ज्वलंत सपने देखे। एनसीपी के दिग्गज नेता शरद पवार ने यहां तक कह दिया कि चुनाव में जाने के लिए किसी सर्वसम्मत पीएम उम्मीदवार की जरूरत नहीं है। वह सही था– 1977 के चुनाव में मोरारजी देसाई कहीं से आये और प्रधानमंत्री बन गये। इसी तरह, प्रधानमंत्री पद की कमान नरसिम्हा राव पर अचानक से आ गई, जब वह दिल्ली से अपने हैदराबाद स्थित घर के लिए लगभग तैयार हो चुके थे। मोरारजी और राव दोनों का कार्यकाल युगांतकारी था, लेकिन शपथ ग्रहण से पहले तक दोनों को उस ट्रॉफी का कोई अंदाजा नहीं था जो उनका इंतजार कर रही थी। विपक्षी खेमे में असमंजस की स्थिति भाजपा के लिए परेशानी का सबब थी, जिसके नेताओं ने इंडिया गुट पर तंज कसने और उसे परेशान करने का कोई मौका नहीं गंवाया। भाजपा अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने पिछले सप्ताह एक चुनावी रैली में कहा था, 'अगर भाजपा और उसके सहयोगी लोकसभा चुनाव जीतते हैं तो नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे, लेकिन कोई नहीं जानता कि इंडिया ब्लॉक का पीएम उम्मीदवार कौन है।' गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के कामकाजी बहुमत हासिल करने की स्थिति में प्रधानमंत्री पद की म्यूजिकल चेयर की भी भविष्यवाणी की। 'क्या उनका कोई नेता है? क्या आप लालू प्रसाद को प्रधानमंत्री बना सकते हैं; क्या एमके स्टालिन देश चला सकते हैं, क्या ममता बनर्जी ऐसा कर सकती हैं; क्या हम राहुल गांधी का नाम भी सोच सकते हैं? भगवान न करे अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आता है, तो वे एक-एक साल के लिए प्रधानमंत्री पद साझा करेंगे,' शाह ने बिहार में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा। उनका सपना था कि एक साल के लिए पवार पीएम बनें, एक साल के लिए लालू प्रसाद, एक साल के लिए ममता, एक साल के लिए स्टालिन और 'अगर कुछ बचा है तो राहुल बाबा'। लेकिन मोदी ने राहुल पर ध्यान केंद्रित करके और विपक्ष के लिए आपत्तिजनक सभी चीजें गांधी परिवार के दरवाजे पर डालकर, जिसमें विवादास्पद 'विरासत कर' भी शामिल है, अपनी पार्टी के सहयोगियों के लिए पहेली सुलझा दी है। यह एक परोक्ष सुझाव से कहीं अधिक है कि विपक्ष का मतलब गांधी परिवार है। राहुल और उनकी कांग्रेस पार्टी इससे अधिक कुछ नहीं मांग सकती थी। मोदी ने कहा, 'भाजपा लोगों की संपत्ति बढ़ाने पर काम कर रही है, लेकिन कांग्रेस के शहजादा और उनकी बहन दोनों घोषणा कर रहे हैं कि अगर वे सत्ता में आए तो देश का 'एक्स-रे' करेंगे।'

### दस साल का शासन ट्रेलर था तो अब क्या होगा!

**– राम पुनियानी**

'यूनाइटेड स्टेट्स कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम' के अनुसार, 'पिछले एक साल में भारत की केन्द्रीय, प्रांतीय और स्थानीय सरकारों ने ऐसी नीतियां अपनाई हैं जो विभिन्न धर्मों के बीच भेदभाव करती हैं और ऐसे कानून बनाए हैं जो धर्मपरिवर्तन, अंतर्धार्मिक रिश्तों, हिजाब पहनने और गौवध को प्रतिबंधित करते हैं और जिनका मुसलमानों, ईसाईयों, सिक्खों, दलितों और आदिवासियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।'

जहां तक प्रोपेगेंडा का सवाल है, हमारे प्रधानमंत्री का मुकाबला कम ही नेता कर सकते हैं। एक ओर वे कांग्रेस की कई घोषणाओं को सांप्रदायिक बता रहे हैं तो दूसरी ओर यह दावा भी कर रहे हैं कि उनके 10 साल के शासनकाल की उपलब्धियां शानदार और चमकदार तो हैं हीं मगर वे मात्र ट्रेलर है। और यह भी कि 2024 में उनकी सरकार फिर से बनने के बाद वे और बड़े काम करेंगे। उनके समर्थक उनकी सरकार की उपलब्धियों का गुणगान कर रहे हैं। मगर सच यह है कि उनकी सरकार ने कोई कमाल नहीं किया है। मोदी भक्त कहते हैं कि मोदी राज में इन्टरनेट के उपयोग और हवाई यात्राओं में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है, 42 करोड़ नए बैंक खाते खुले हैं, 11 करोड़ नए एलपीजी कनेक्शन दिए गए हैं, 22 करोड़ लोगों का बीमा किया गया है, राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण में तेजी आई है और करदाता बढे हैं। इसके अलावा, भारत ने कई देशों को कोविड वैक्सीन का निर्यात किया है जिससे दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है और 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध करवाया गया है।

ये सारे आंकड़े न तो यह साबित करते हैं कि आम जनता के हालात बेहतर हुए हैं, ना यह कि भारत पहले से बेहतर प्रजातंत्र है और ना ही यह कि यहां के लोगों को लोकतान्त्रिक अधिकार और स्वतंत्रताएं हासिल हैं। कई ऐसे कदम उठाए गए हैं जिनसे जनकल्याण बाधित हुआ है और लोगों के अधिकार सीमित हुए हैं।

सन् 2014 में मोदी के सत्ता में आने के बाद से कैबिनेट शासन प्रणाली कमजोर हुई है और सारी शक्तियां उनके हाथ में केन्द्रित हो गई हैं। अधिकांश मामलों में सारे निर्णय वे ही लेते हैं। इसके दो उदाहरण हैं–नोटबंदी और कोरोना महामारी से निपटने के लिए उठाए गए कदम। नोटबंदी केवल माननीय मोदीजी का निर्णय था और हमें बताया गया था कि इससे कालाधन अर्थव्यवस्था से बाहर हो जायेगा। लेकिन हुआ क्या? जनता को बेइंतिहा परेशानियां झेलनी पडीं। करीब 100 लोगों ने पुराने नोट बदलने के लिए बैंकों के बाहर लम्बी लाईनों में खड़े-खड़े अपनी जान गंवाई। और अंततः बंद किये गए नोटों में से 98 प्रतिशत बैंकों में आपस आ गए।

कोरोना महामारी एक बड़ी विपदा थी जिसे मोदी ने और बड़ा बना दिया। उन्होंने कुछ घंटों के नोटिस पर पूरे देश में कड़ा लॉकडाउन लगा दिया। हम सबने उन लोगों की त्रासदी देखी है जिन्हें पैदल शहरों से अपने गांवों में जाना पड़ा। गंगा में तैरती हुई लाशों और उसके तटों पर बिखरे हुए शवों से साफ यह हो गया था कि लोगों ने क्या भोगा है। संवैधानिक संस्थाओं और सरकारी एजेंसियों की स्वायत्तता पूरी तरह समाप्त कर दी गई है। वे सरकार, बल्कि श्री मोदी के इशारों पर नाच रही हैं। चाहे वह ईडी हो या सीबीआई, चाहे वह आयकर विभाग हो या चुनाव आयोग– कोई भी निष्पक्षता से काम नहीं कर रहा है। यहां तक कि न्यायपालिका भी सरकार के पक्ष के झुकी हुई लग रही है। जहां तक प्रजातंत्र का सवाल है, वी. डेम नामक एक स्वायत्त और स्वतंत्र संस्थान, जो पूरी दुनिया में प्रजातंत्र की स्थिति का आंकलन करता है, ने 2024 में भारत को 'सबसे निकृष्टतम तानाशाहियों' में से एक बताया है। सन् 2018 में इसी संस्थान ने भारत को 'निर्वाचित तानाशाही' बताया था। संस्थान की रिपोर्ट के अनुसार, 'भारत की आबादी दुनिया की कुल आबादी का करीब 18 प्रतिशत है मगर भारतीय, दुनिया की आधी ऐसी आबादी हैं जो निरंकुश शासन व्यवस्था के अंतर्गत रह रहे हैं।'

# मिलावट का कहर, स्वास्थ्य के लिये जहर

**– ललित गर्ग –**



भारतीय मसालों की गुणवत्ता की साख जब दुनिया में धुंधली हुई है, मिलावटी मसालों पर देश से दुनिया तक बहस छिड़ी हुई है, तब दिल्ली में मिलावट के एक बड़े मामले का पदार्पाश होना न केवल चिंताजनक है बल्कि दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत के लिये शर्मनाक है। भारत में मिलावट का मामला मसालों तक ही सीमित नहीं है। मिलावटखोरों ने दवाइयों, तेल, घी, दूध, मिठाइयों से लेकर अनाज तक किसी चीज को नहीं छोड़ा है। हर साल त्योहारों पर देशभर से मिलावटी मावा और मिलावटी मिठाइयों की खबरे आती हैं। प्रश्न है कि आखिर मिलावट का बाजार इतना धडल्ले से क्यों पनप रहा है, क्यों सिस्टम लाचार है, मिलावटखोरी का अंत क्यों नहीं हो पा रहा है? लोकसभा चुनाव के दौरान मिलावट की त्रासद एवं जानलेवा घटनाओं का उजागर होना, क्यों नहीं चुनावी मुद्दा बनता?

कह तो सभी यही रहे हैं--ह्वबाकी सब झूठ है, सच केवल रोटी है ह्ल लेकिन इस बड़े सच रोटी यानी पेट भरने की खाद्य-सामग्री को मिलावट के कारण दूषित एवं जानलेवा कर दिया गया है। देश में खाद्य पदार्थों में मिलावट मुनाफाखोरी का सबसे आसान जरिया बन गई है। खाने-पीने की चीजें बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं हैं। किसी भी वस्तु की शुद्धता के विषय में हमारे संदेह एवं शंकाएं बहुत गहरा गयी हैं। मिलावट का धंधा शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक भी फैला हुआ है और इसकी जड़ें काफी मजबूत हो चुकी हैं। जीवन कितना विषम और विषभरा बन गया है कि सभी कुछ मिलावटी है। सब नकली, धोखा, गोलमाल ऊपर से सरकार एवं संबंधित विभाग कुंभकरणी निद्रा में है। मिलावटी खाद्य पदार्थ धीमे जहर की तरह हैं। ये दिल और दिमाग से जुड़ी बीमारियों, अल्सर, कैंसर वगैरह की वजह बन सकते हैं। खाने वालों को आभास भी नहीं होता कि वे धीरे-धीरे किसी गंभीर बीमारी की ओर जा रहे हैं। वे किसी पर भरोसा कर कुछ खरीदते हैं और मिलावटखोर तमाम कानून बने होने एवं प्रशासन की सक्रियता के बावजूद इस भरोसे को तोड़ रहे हैं। उनकी वजह से दूसरे देशों का भी भरोसा भारतीय उत्पादों पर कम होने की स्थितियां बनती जा रही है। कुछ दिनों पहले ही हांगकांग और सिंगापुर ने लिमिट से ज्यादा पेस्टिसाइड का आरोप लगाकर दो भारतीय ब्रैंड के कुछ मसालों को बैन किया था। अगर ऐसा हुआ तो इनके निर्यात से करोड़ों डॉलर की आमदनी पर आंच आएगी।

मिलावट करने वालों को न तो कानून का भय है और न आम आदमी की जान की परवाह है। दुखद एवं विडम्बनापूर्ण तो ये स्थितियां हैं जिनमें खाद्य वस्तुओं में मिलावट धडल्ले से हो रही है और सरकारी एजेन्सियां इसके लाइसैंस भी आंख मूंदकर बांट रही है। जिन सरकारी विभागों पर खाद्य पदार्थों की क्वॉलिटी बनाए रखने की जिम्मेदारी है वे किस तरह से लापरवाही बरत रही है, इसका परिणाम आये दिन होने वाले फूड प्वाइजनिंग की घटनाओं से देखने को मिल रहे हैं। मिलावट के बहुरुपिया रावणों ने खाद्य बाजार जकड़ रखा है। मिलावट का कारोबार अगर फल-फूल रहा है, तो जाहिर है कि इसके खिलाफ जंग उस पैमाने पर नहीं हो रही है, जैसी होनी चाहिए। इस मामले में भारत अपने पड़ोसी देश बांग्लादेश से कुछ सबक ले सकता है, जिसने हल्दी में लेड की मिलावट पर काबू पा लिया। मिलावटखोर हल्दी की चमक बढ़ाने के लिए लेड का इस्तेमाल करते हैं और यह समस्या पूरे दक्षिण एशिया की है। मिलावट सबसे बड़ा खतरा है। मारने वाला कितनों को मारेगा? एक आतंकवादी स्वचालित हथियार से या बम ब्लास्ट कर अधिक से अधिक सौ दो सौ को मार देता है। लेकिन खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाला हिंसक एवं दरिंदा तो न जाने कितनों को मृत्यु की नींद सुलाता है, कितनों को अपंग और अपाहिज बनाता है। इन हिंसक, क्रूर एवं मुलाफाखोरों पर लगाम न लगने की एक वजह यह भी है कि ऐसा करने वालों को लगता है, इससे होने वाले मुनाफे की तुलना में मिलने वाली सजा बहुत कम है। जाहिर है, सजा कड़ी करने के साथ ही यह भी पक्का करना होगा कि दोषी किसी तरह से बच न निकलें। यही नहीं, लोगों को पता होना चाहिए कि मिलावट की शिकायत कहां करनी है। हमारे प्रयासों में कमी न रहे, तभी यह काला धंधा रुक सकेगा।

कारोबार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण मिलावट हर जगह देखने को मिलती है। कहीं दूध में पानी की मिलावट होती है, तो कहीं मसालों में रंगों की। दूध, चाय, चीनी, दाल, अनाज, हल्दी, फल, आटा, तेल, घी आदि ऐसी तमाम तरह की घरेलू उपयोग की वस्तुओं में मिलावट की जा रही है। यानी, पूरे पैसे खर्च करके भी हमें शुद्ध खाने का सामान नहीं मिल पाता है। मिलावट इतनी सफाई से होती है कि असली खाद्य पदार्थ और मिलावटी खाद्य पदार्थ में फर्क करना मुश्किल हो जाता है। जीवन मूल्यहीन और दिशाहीन हो रहा है। हमारी सोच जड़ हो रही है। मिलावट, अनैतिकता और अविश्वास के चक्रव्यूह में जीवन मानो कैद हो गया है। घी के नाम पर चर्बी, मक्खन की जगह मार्गरीन, आटे में सेलखड़ी का पाउडर, हल्दी में पीली मिट्टी, काली मिर्च में पपीते के बीज, कटी हुई सुपारी में कटे हुए छुहारे की गुठलियां मिलाकर बेची जा रही हैं। दूध में मिलावट का कोई अंत नहीं। नकली मावा बिकना तो आम बात है। राजस्थान और गुजरात में चल रहा नकली जीरे का कारोबार अब दिल्ली एवं देश के अन्य हिस्सो तक पहुंच गया है। दिल्ली में पहली बार पकड़ी गई नकली जीरे की खेप ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। भारत के लोगों को न शुद्ध हवा मिल रही है और न शुद्ध पानी और न ही शुद्ध खाने का निवाला, कैसी अराजक शासन व्यवस्था है?


मिलावट के कारण हम एक बीमार समाज का निर्माण कर रहे हैं। शरीर से रुग्ण, जीर्ण-शीर्ण मनुष्य क्या सोच सकता है और क्या कर सकता है? क्या मिलावटखोर परोक्ष रूप से जनजीवन की सामूहिक हत्या का षड्यंत्र नहीं कर रहे? हत्यारों की तरह उन्हें भी अपराधी मानकर दंड देना अनिवार्य होना चाहिए। मिलावट एक ऐसा खलनायक है, हत्यारी प्रवृत्ति है, जिसकी अनदेखी जानलेवा साबित हो रही है। चाहे प्रचलित खाद्य सामग्रियों की निम्न गुणवत्ता या उनके जहरीले होने का मततब इंसानों की मौत भले ही हो, पर कुछ व्यापारियों एवं सरकारी अधिकारियों के लिए शायद यह अपनी थैली भर लेने का एक मौका भर है। त्यौहारों पर मिलावटी मिठाइयां खाने से अपच, उलटी, दस्त, सिरदर्द, कमजोरी और बेचैनी की शिकायते सुनने में आती रही है। इससे किडनी पर बुरा असर पड़ता है। पेट और खाने की नली में कैंसर की आशंका भी रहती है।

खाद्य उत्पाद विनियामक भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने 2006 के खाद्य सुरक्षा और मानक कानून में कड़े प्रावधान की सिफारिश की थी। कानून को सिंगापुर के सेल्स आफ फूड एक्ट कानून की तर्ज पर बनाया गया जो मिलावट को गम्भीर अपराध मानता है। फूड?इंस्पैक्टरों का दायित्व है कि वह बाजार में समय-समय पर सैम्पल एकत्रित कर जांच करवाएं लेकिन जब सबकी ह्यमंथली इन्कमह्न तय हो तो फिर जांच कौन करे? हालत यह है कि बाजारों में धूल-धक्कड़ के बीच घोर अस्वास्थ्यकर माहौल में खाद्य सामग्रियां बेची जा रही है। सीएजी ऑडिट के दौरान जो तथ्य उजागर हुए हैं, वे भ्रष्टाचार को तो सामने लाते ही है साथ-ही-साथ प्रशासनिक लापरवाही को भी प्रस्तुत करते हैं। देश में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने का काम करने वाली सरकारी एजेन्सी की दशा कितनी दयनीय है और वहां कितनी लापरवाही बरती जा रही है, सहज अनुमान लगाया जा सकता है। हमें सोचना चाहिए कि शुद्ध खाद्य पदार्थ हासिल करना हमारा मौलिक हक है और यह सरकार का फर्ज है कि वह इसे उपलब्ध कराने में बरती जा रही कोताही को सख्ती से ले।

**प्रेषकः**
**(ललित गर्ग)**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**मो. 9811051133**

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप

**9 मई जयन्ती पर विशेष**
**रमेश सर्राफ धमोरा**



भारतीय इतिहास में राजपूताने का गौरवपूर्ण स्थान रहा है। यहां के रण बांकुरों ने देश, जाति, धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने में संकोच नहीं किया। वीरों की इस भूमि में राजपूतों के छोटे बड़े अनेक राज्य रहे है, जिन्होंने भारत की स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया। इन्हीं राज्यों में मेवाड़ का अपना अलग ही स्थान है। जिसमें महाराणा प्रताप जैसे महान वीर ने जन्म लिया था। मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप अपने पराक्रम और शौर्य के लिए पूरी दुनिया में मिसाल के तौर पर जाने जाते हैं। एक ऐसे राजपूत राजा जो जीवन पर्यन्त मुगलों से लड़ते रहे, जिसने जंगलों में रहना पसंद किया, लेकिन कभी विदेशी मुगलों की गुलामी स्वीकार नहीं की थी। उन्होंने देश, धर्म और स्वाधीनता के लिए सब कुछ न्योछावर कर दिया था।

महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के कुम्भलगढ़ में सिसोदिया कुल में हुआ था। उनके पिता का नाम महाराणा उदयसिंह द्वितीय और माता का नाम रानी जीवंत कंवर था। महाराणा प्रताप अपने पच्चीस भाइयो में सबसे बड़े थे। इसलिए उनको मेवाड़ का उत्तराधिकारी बनाया गया। महाराणा प्रताप के समय में दिल्ली पर अकबर का शासन था और अकबर की निती हिन्दू राजाओ की शक्ति का उपयोग कर दूसरे हिन्दू राजा को अपने नियन्त्रण में लेने की था। 1567 में जब राजकुमार प्रताप को उत्तराधिकारी बनाया गया उस वक्त उनकी उम्र केवल 27 वर्ष थी। उस वक्त मुगल सेना ने चितौड़गढ़ को चारो और से घेर लिया था। तब महाराणा उदयसिंह मुगलों से लडने के बजाय चितौड़गढ़ छोडकर परिवार सहित गोगुन्दा चले गये। महाराणा प्रतापसिंह फिर से चितौड़गढ़ जाकर मुगलों से सामना करना चाहते थे। लेकिन उनके परिवार ने चितौड़गढ़ जाने से मना कर दिया।

गोगुन्दा में रहते हुए महाराणा उदयसिंह और उसके विश्वासपात्रो ने मेवाड़ की अस्थायी सरकार बना ली थी। 1572 में महाराणा उदय सिंह अपने पुत्र प्रताप को महाराणा का खिताब दिया। उसके बाद उनकी मृत्यु हो गयी। वैसे महाराणा उदय सिंह अपने अंतिम समय में अपनी प्रिय रानी भटियानी के पुत्र जगमाल सिंह को राजगद्दी पर बिठाना चाहते थे। प्रताप ने अपने पिता की अंतिम इच्छा के अनुसार उसके सौतेले भाई जगमाल को राजा बनाने का निश्चय किया। लेकिन मेवाड़ के विश्वासपात्र चुंडावत राजपूतो ने जगमाल सिंह को राजगद्दी छोडने को बाध्य कर दिया। तब जगमाल सिंह ने बदला लेने के लिए अजमेर जाकर अकबर की सेना में शामिल हो गया और उसके बदले में उसको जहाजपुर की जागीर मिल गयी। इस दौरान राजकुमार प्रताप को मेवाड़ के 54 वे शासक के साथ महाराणा का खिताब मिला।

1572 में प्रताप सिंह मेवाड़ के महाराणा बन गये थे। लेकिन वो पिछले पांच सालो में चितौड़गढ़ नहीं गये थे। महाराणा प्रताप को अपने पिता के चितौड़गढ़ को पुनः देख बिना मौत हो जाने का बहुत अफसोस था। अकबर ने चितौड़गढ़ पर तो कब्जा कर लिया था। लेकिन मेवाड़ का राज अभी भी उससे बहुत दूर था। अकबर ने कई बार अपने दूतो को महाराणा प्रताप से संधि करने के लिए भेजा। लेकिन महाराणा प्रताप ने संधि प्रस्तावों को ठुकरा दिया। 1573 में संधि प्रस्तावों को ठुकराने के बाद अकबर ने मेवाड़ का बाहरी राज्यों से सम्पर्क तोड़ दिया और मेवाड़ के सहयोगी दलों को अलग थलग कर दिया।

महाराणा प्रताप ने मुगलों से सामना करने के लिए अपनी सेना को अरावली की पहाडियों में भेज दिया। महाराणा युद्ध उस पहाड़ी इलाके में लड़ना चाहते थे जहां मेवाड़ की सेना थी। क्योंकि मुगल सेना को पहाड़ी ईलाके में युद्ध लड़ने का बिलकुल भी अनुभव नही था। पहाडियों पर रहने वाले भील भी राणा प्रताप की सेना के साथ हो गये। महाराणा प्रताप खुद जंगलो में रहने लगे ताकि वो जान सके कि स्वंत्रतता और अधिकारों को पाने के लिए कितना दर्द सहना पड़ता है। उन्होंने पत्तल पर भोजन किया, जमीन पर सोये और दाढी नही बनाई। दरिद्रता के दौर में वो कच्ची झोपडियो में रहते थे जो मिटटी और बांस की बनी होती थी।

18 जून 1576 को महाराण प्रताप के 20 हजार और मुगल सेना के 80 हजार सैनिको के बीच हल्दीघाटी का युद्ध शुरू हो गया। उस समय मुगल सेना की कमान अकबर के सेनापति मान सिंह ने संभाली थी। महाराणा प्रताप की सेना मुगलों की सेना को खदेड़ रही थी। महाराणा प्रताप की सेना में झालामान, डोडिया भील ,रामदास राठोड़ और हाकिम खा सूर जैसे शूरवीर थे। मुगलों के पास तोंपे और विशाल सेना थी। लेकिन प्रताप की सेना के पास केवल हिम्मत और साहसी जांबाजो की सेना के अलावा कुछ भी नही था। महाराणा प्रताप के बारे में कहा जाता है कि उनके भाले का वजन 80 किलो और कवच का वजन 72 किलो हुआ करता था। इस तरह वह भाला, कवच, ढाल और तलवारों को मिलाकर कुल 200 किलो का वजन साथ लेकर युद्ध करते थे।

इतिहासकार कर्नल टॉड ने हल्दी घाटी के युद्व को मेवाड़ की थर्मोपल्ली की संज्ञा दी है। इस युद्व में महाराणा प्रताप का स्वामी भक्त एवं प्रिय घोड़ा चेतक मारा गया। हल्दी घाटी के युद्व में पराजय के बावजूद महाराणा प्रताप के यश और कीर्ति में कोई कमी नहीं आई। बल्कि हल्दी घाटी को इस युद्व ने समूचे भारत के स्वाधीनता प्रेमियों के लिए पूजनीय क्षेत्र बना दिया। वहीं इस युद्व ने महाराणा प्रताप को जननायक के रूप में सम्पूर्ण भारत में प्रसिद्व कर दिया।

हल्दी घाटी के युद्व के बाद महाराणा प्रताप के जीवन में जिस संकट काल का प्रारंभ हुआ वह लगभग दस वर्ष (1576-1586) तक चला और बीतते समय के साथ वह अधिक विषम होता चला गया। इस दौरान गोगुन्दा से दक्षिण में स्थित राजा गांव में महाराणा के परिवार को घास की रोटी भी नसीब नहीं हुई और एक बार वन विलाव उनके भूखे बच्चों के हाथ से घास की रोटी भी छीन कर ले गया था।

इस संकट के समय में महाराणा प्रताप के मंत्री भामाशाह और उनके भाई ताराचंद ने 25 लाख रूपए तथा 20 हजार स्वर्ण मुद्राएं उनकों भेंट कर अपनी स्वामी भक्ति का परिचय दिया। इस धन से उन्होंने पुनः सेना जुटाकर दिवेर को जीत लिया और चांवड पंहुचकर अपना सुरिक्षत मुकाम बनाया। मेवाड़ के बचे हुये भू भाग पर फिर से महाराणा का ध्वज लहराने लगा। बांसवाडा और डूंगरपुर के शासकों को भी पराजित कर प्रताप ने अपने अधीन कर लिया। अकबर के आक्रमक अभियानों की समाप्ति के बाद मेवाड़ में नए युग का सूत्रपात हुआ। महाराणा प्रताप ने एक वर्ष में ही चितौड़गढ़ और जहाजपुर को छोडकर सम्पूर्ण मेवाड़ पर सत्ता कायम कर ली। उन्होंने चांवड को अपनी राजधानी बनाकर राज्य में शांति व्यवस्था कायम की। महाराणा प्रताप कुशल शासक होने के साथ-साथ पीडितों और विद्वानों का आदर भी करते थे। उनकी प्रेरणा से ही मथुरा के चक्रपाणी मिश्र ने विश्व वल्लभ नामक स्थापत्य तथा मुहूर्त माला नामक ज्योतिष ग्रंथ की रचना की। चांवड मे चावंड माता के मंदिर का निर्माण भी महाराणा प्रताप ने ही करवाया था। उनके दरबार में कई विख्यात चारण कवि थे। जिनमें कविवर माला सांदू और दुरासा आढा ने उनकी प्रंशसा में उच्च कोटि की काव्य रचना की। सादड़ी में जैन साधू हेमरत्न सूरि ने गोरा बादल-पद्मिनी चौपाई की रचना भी महाराणा प्रताप के समय ही की थी। महाराणा प्रताप ने चावंड को चित्रकला का केन्द्र बनाकर नई चित्र शैली मेवाड शैली का प्रारम्भ करवाया था।

महाराणा प्रताप ने अपने जीवन के अंतिम दिनों में अपने पहले पुत्र अमर सिंह को सिंहासन पर बैठाया। महाराणा प्रताप शिकार के दौरान बुरी तरह घायल हो गये और उनकी 56 वर्ष की आयु में मौत हो गयी। उनके शव को 29 जनवरी 1597 को चावंड लाया गया। इस तरह महाराणा प्रताप इतिहास के पन्नो में अपनी बहादुरी और जनप्रियता के लिए अमर हो गये।

**रमेश सर्राफ धमोरा**
**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

## भाजपा फिर रामभरोसे

रविवार की शाम को जब लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के अंतर्गत 11 राज्यों-केन्द्र शासित प्रदेशों की 93 सीटों के लिये प्रचार बन्द हो चुका था, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अयोध्या के उसी रामलला मंदिर में पहुंचे जिसकी प्राणप्रतिष्ठा उन्होंने 22 जनवरी को की थी। जिस उद्देश्य को लेकर आधे-अधूरे मन्दिर में भव्य समारोह के जरिये यह काम हुआ था, उसने धमार्चार्यों एवं धर्म का मर्म समझने वालों के एक बड़े वर्ग को चाहे नाराज किया हो परन्तु भारतीय जनता पार्टी को उम्मीद थी कि राममंदिर का 5 सदियों का कथित विवाद हल करने का सियासी लाभ अवश्य मिलेगा।

जिस तीसरे चक्र की वोटिंग मंगलवार को होने जा रही है, उसमें भाजपा की हालत वैसी ही खस्ता समझी जा रही है जिस प्रकार से पहले हुए दो चरणों (19 व 26 अप्रैल) के मतदान के बाद लगाये गये अनुमानों में बतलाई गई थी। ज्यादातर सर्वे भी बतला रहे हैं कि इंडिया गठबन्धन ने पहले चरण से ही बढ़त बना ली थी जो दूसरे चरण के मतदान में और भी सघन हो गई। अधिकतर विश्लेषक और राजनीतिक टिप्पणीकार कह चुके हैं कि मंगलवार के मतदान के बाद भाजपा के हाथ से चुनाव निकल चुका रहेगा। उसके बाद इतनी कम सीटें रह जायेंगी कि उसके लिये नुकसान भरपायी की गुंजाइश तक नहीं बचेगी। राज्यवार विश्लेषण भी दशार्ते हैं कि अब भाजपा की बड़ी आशा नरेंद्र मोदी व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के गृह राज्य गुजरात से ही है। दूसरा भरोसा उसे उत्तर प्रदेश से था परन्तु वहां समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर कांग्रेस ने सीटों का जैसा बंटवारा किया है और जिस सुन्दर तालमेल के साथ दोनों दलों के नेता (खासकर राहुल गांधी व अखिलेश यादव) प्रदेश को मथ रहे हैं, उससे भाजपा की अनेक सीटें उसके हाथ से निकलती दिखाई दे रही हैं। यहां 2019 में भाजपा ने 80 में 62 सीटें जीती थीं। भाजपा एवं उसके गठबन्धन एनडीए के लिये देश भर में चल रहा 'दक्षिण में साफ उत्तर में हाफ' का नारा यूं ही शोर मचाने के लिये नहीं लग रहा है– जमीन की वास्तविकता भी यही बतला रही है। जिन सीटों पर चुनाव हो चुके हैं, जिन पर मंगलवार को होने जा रहे हैं और बची-खुची जिन पर शेष चार चरणों में होंगे, उनमें इंडिया गठबन्धन मजबूत दिखाई दे रहा है। दक्षिण को लेकर जो कहा जा रहा है अगर वह शत-प्रतिशत सही न भी हो, तब भी ज्यादातर लोगों को यह मानने से कोई गुरेज नहीं है कि भारत के सांस्कृतिक रूप से सम्पन्न व विवेकपूर्ण समाज वाले द्रविड़ प्रखंड के पांचों राज्य (तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, आंध्रप्रदेश व तेलंगाना) इंडिया गठबन्धन की झोली लबालब करने जा रहे हैं। यह भी अब मोटे तौर पर साफ हो गया है कि पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र व बिहार भाजपा के वाटरलू साबित होंगे। राजस्थान, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश में 2018 के विधानसभा चुनाव हारने के बाद भी जिस तरह से भाजपा को 2019 के लोकसभा चुनाव में बड़ी जीत मिली थी, वैसा अबकी होना सम्भव नहीं बतलाया जा रहा है। ये तीनों राज्य गेमचेंजर हो सकते हैं जिनमें कांग्रेस अब मुकाबले में लौट आई है। हरियाणा व उत्तराखंड (किसान आंदोलन के कारण) तथा दिल्ली व पंजाब (अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी के चलते) भाजपा की पकड़ में वैसे नहीं रह गये हैं, जिस प्रकार से वे वर्तमान लोकसभा में हैं। मणिपुर के दुखद प्रसंग के चलते पूर्वोत्तर राज्यों तथा अनुच्छेद 370 हटाये जाने के चलते जम्मू, कश्मीर व लद्दाख में भी भाजपा विरोधी लहर है।

पिछले दिनों एक प्रतिष्ठित संस्था द्वारा कराये गये सर्वे ने बताया है कि लोगों के लिये धर्म व राष्ट्रवाद के मुद्दे गौण हैं। उन्होंने रोजगार, महंगाई, भ्रष्टाचार जैसे मसलों को वरीयता दी है जो मतदान करते समय उनके जेहन में रहेंगे। भाजपा व एनडीए की मुश्किलों की शुरूआत यहीं से होती है। एक ओर तो जिस पुलवामा व बालाकोट की घटनाओं के जरिये उभारे गये राष्ट्रवाद के बल पर उसने पिछला चुनाव जीता था, वैसा कुछ होता प्रतीत नजर नहीं आ रहा है, तो दूसरी तरफ, चुनाव आधा रास्ता पार कर चुका है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी अब तक अपने ध्रुवीकरण, विपक्षियों के कथित भ्रष्टाचार तथा कांग्रेस के परिवारवाद के कार्ड के अलावा कोई दूसरी काट इंडिया गठबन्धन के प्रचार को विफल करने के लिये नहीं ढूंढ़ पाये हैं। फिर, कांग्रेस के न्याय पत्र के आगे लाचार नजर आ रहे मोदी ने इतना समय व ऊर्जा जाया कर दी है कि अब उनके पास अपनी पार्टी के घोषणापत्र व खुद की गारंटियों की चर्चा करने की शक्ति ही नहीं बची हुई है। उन्होंने पहले कांग्रेस के न्याय पत्र पर 'मुस्लिम लीग की छाया' बतलाई तो बाद में कहा कि 'कांग्रेस ऐसा कानून लायेगी कि लोगों के मंगलसूत्र तक छीनकर मुसलमानों में बांट देगी।' गांधी परिवार को बदनाम करने के लिये मोदी ने कभी कहा कि 'राजीव गांधी ने इंदिरा की सम्पत्ति पाने के लिये विरासत टैक्स खत्म कर दिया', तो कभी दावा किया कि 'जब तक वे (मोदी) जीवित हैं, किसी को भी दलितों, पिछड़ा वर्गों, आदिवासियों का आरक्षण छीनकर मुस्लिमों को नहीं देने देंगे।'

इसके विपरीत रणनीतिक सूझबूझ से जनसरोकार के मुद्दों पर टिके रहकर कांग्रेस-इंडिया ने इस चुनाव को संविधान तथा लोकतंत्र की लड़ाई में बदल दिया। विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारियां, उन्हें भाजपा में शामिल कराना, जांच एजेंसियों का दुरुपयोग, ईवीएम, इलेक्टोरल बॉन्ड्स और अब कोविशील्ड पर हुए खुलासे से घिरते मोदी रामभरोसे होते हैं तो बिलकुल आश्चर्य नहीं करना चाहिये।

## रैली निकाल मतदान को किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव में 20 मई को जिले में ज्यादा से ज्यादा मतदान को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व नोडल अधिकारी स्वीप/सीडीओ अमृतपाल कौर के निर्देश पर स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता को आदर्श इंटर कालेज मानिकपुर के प्रधानाचार्य राकेश प्रताप सिंह चंदेल की अगुवाई में स्काउट गाइड ने साइकिल रैली निकाली।

मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर के एनएसएस ने भी रैली में शामिल होकर मानिकपुर के मतदाताओं को मतदान करने को जागरूक किया। ये रैली मानिकपुर के विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई तहसील परिसर में समाप्त हुई। रैली में पचास स्काउट गाइड व एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने हाथ में नारे लिखी तख्तियां लेकर लोगों को जागरूक किया कि पहले मतदान-फिर जलपान करें। जन सामान्य व युवा मतदाताओं को जागरूक किया। शहरी क्षेत्र में बीते चुनाव की तुलना में अधिक मतदान हो सके। प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है कि 20 मई को जिले में सभी लोग घरों से निकलकर मतदान करने बूथो में जायें। पसंदीदा प्रत्याशी को सांसद बनाने को मतदान करें। इस मौके पर तहसीलदार मानिकपुर, महाविद्यालय के एनएसएस प्रभारी सुनील कुमार मिश्र, स्काउट प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद पाल, रविशंकर पांडेय आदि मौजूद रहे।



रैली निकालते स्काउट व एनएसएस।

## 9 से 14 मई तक मतदान कर्मियों के होंगे मतदान

**चित्रकूट।** उपायुक्त स्वतः रोजगार/प्रभारी अधिकारी डाक मतपत्र ओमप्रकाश मिश्र ने सभी राजनैतिक दल लोकसभा चुनाव से कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण स्थल पर ही सुविधा देने के निर्देश हैं। मंगलवार को उन्होंने बताया कि मतदान कार्मिकों व अन्य जिलों में चुनाव ड्यूटी पर तैनात मतदान कार्मिक जो चित्रकूट में मतदाता बतौर दर्ज हैं। पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा नौ मई से 14 मई तक सवेरे नौ बजे से शाम पांच बजे तक चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में उपलब्ध है। इस बाबत अनुरोध है कि नौ से 14 मई के बीच चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में राजनैतिक दल से संबंधित प्रतिनिधि को भेजें, ताकि देखरेख में पोस्टल बैलेट/ईडीसी से मतदान प्रक्रिया हो सके।

## सुर्खियों में पूर्व प्रमुख का पारिवारिक विवाद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजापुर थाने के छीबों गांव के रामजी पाण्डेय ने चाचा के पुत्र पूर्व ब्लाक प्रमुख बालमुकुंद पाण्डेय पर जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है। इन दिनों छीबों के बालमुकुन्द पाण्डेय का पारिवारिक विवाद सुर्खियों में है।

मंगलवार को बालमुकुन्द पाण्डेय एक दबंग किस्म के व्यक्ति हैं। वे लोगों के घरों में आये दिन बुलडोजर चलवाने की धमकी देते हैं। वे सपा से भाजपा में आये हैं।

**ऐसे राज बताये कि इंसानियत हो जाये शर्मशार**

रामजी पाण्डेय ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बालमुकुंद पाण्डेय से अपनी जान का खतरा बताया। छीबों गांव के रामजी पाण्डेय ने राजापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज करा रखी है।

बालमुकुंद पाण्डेय समेत आधा दर्जन लोगों पर मामला दर्ज है। गिरफ्तारी किसी की नहीं हुई। दूसरी ओर रामजी पाण्डेय के पुत्र ने बताया कि पिता ने उनसे बिना पूंछे जमीन बेंच डाली। जानकारी लेने घर गये तो गाली- गलौज कर बहू श्रृद्धा पाण्डेय से छेड़छाड़ व मारपीट की। श्रृद्धा पाण्डेय ने भी रामजी पाण्डेय समेत आधा दर्जन लोगों पर राजापुर थाने में मामला दर्ज कराया है। जमीनी विवाद को लेकर एक ही परिवार में घमासान मचा है। एक-दूसरे पर मामले दर्ज कराये जा रहे हैं। रामजी पाण्डेय के बेटे ने पिता के कई घरेलू राज बताये। ऐसे बयान दिये कि सुनकर इंसानियत शर्मशार हो जाये।

## तीन के कब्जे से 54 लीटर महुआ शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने तीन लोगों के कब्जे से 54 लीटर महुआ शराब बरामद की है। मंगलवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा राजीव कुमार सिंह ने अवधेश निषाद पुत्र बिहारीलाल डिलौरा के कब्जे से 14 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। मारकुण्डी थाने के दरोगा रमजानी खान ने रामचरन पुत्र पराग धोबहरा मजरा माराचन्द्रा के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। मारकुण्डी थाने के दरोगा यूटी हर्षित मिश्रा ने परशु पुत्र शिवमोहन धोबहरा मजरा माराचन्द्रा के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## पहले बड़े, फिर छोटे भाई ने किया दुष्कर्म

### धर्म परिवर्तन को बनाया दबाव, बड़े भाई की पत्नी ने रखवाया रोजा, मजार न जाने पर काटे बाल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दो सगे भाइयों पर युवती को प्रेमजाल में फंसाकर शोषण का आरोप है। युवती को जान से मारने की धमकी व परिवार को तबाह करने की धमकी देकर उससे रोजा रखवाया। पुलिस ने युवती की तहरीर पर मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

ये मामला मुख्यालय कर्वी से सटे कस्बे के एक मोहल्ले की युवती ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह साल 2022 में गर्ल्स कॉलेज में कक्षा दस में पढ़ती थी। अब्दुल रहमान चैगलिया तरौंहा कर्वी उसका मंदिर व कॉलेज जाते समय पीछा करता था। दोस्ती व बात करने को दबाव बनाता था। मना करने पर धमकी देता था। बदनामी के भय से परिजनों को नहीं बताया। धमकी देकर उसने एक बार अपने घर बुलाया। शारीरिक शोषण किया। कुछ दिनों बाद अब्दुल रहमान की शादी हो गई। उसके छोटे भाई इरफान उर्फ छोटू ने उसका पीछा किया। कहा

**मामला दर्ज, आरोपियों की तलाश शुरू**

कि तुम्हारे व बड़े भाई के रिश्ते को जानता है। बदनाम करने की धमकी देकर वह भी पीछा करता रहा।

भाइयों पर कोई जानलेवा हमला न हो जाए। वह उससे मिलने गई तो उसने भी शारीरिक शोषण किया। वह अक्सर उसे बुलाता रहा। मना करने पर शादी का झांसा दिया। अपनी भाभी रुकसार पत्नी रहमान खान से बात कराई। भाभी ने मुस्लिम बनने को प्रेरित किया। बोली कि पहले मुस्लिम बन जाओ, तब शादी हो जाएगी। इरफान के दबाव पर उसने रोजा भी रखा।30 मार्च को साजिशन घर से मिलने के बहाने बुलाया। अपने साथ पूना ले गया। बुरका पहनने से इंकार पर उसके बाल काट दिए। फिर ट्रेन से उसे वापस भेज दिया। परिजनों को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। युवती ने खुद के साथ परिजनों के जानमाल की सुरक्षा की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि युवती की तहरीर पर सगे भाइयों व बड़े भाई की पत्नी पर धर्म परिवर्तन के दबाव समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। बताया कि मामला 2022 से चल रहा है। उस दौरान लड़की नाबालिग थी। विवेचना दौरान बड़े भाई पर पाक्सो समेत कई धारायें बढ़ाई जायेंगी। नामजद आरोपियों की तलाश जारी है।

## हादसे में पत्रकार संजय घायल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पत्रकार संजय सिंह राणा हादसे में गम्भीर रूप से घायल हो गये। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहाडी से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये हादसा सोमवार को साढे आठ बजे पहाडी थाने के सगवारा संपर्क मार्ग में हुआ। बताया गया कि बेहोशी दशा में राहगीरों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहाड़ी भेजा। प्राथमिक इलाज बाद जिला अस्पताल में भेजा गया। उनके हाथ-पैर-सिर में गंभीर चोटें आई हैं। उनका सिटी स्कैन व एक्स-रे आज हुआ है। उन्होंने बताया कि ये हादसा जानबूझ कर हुआ है या किसी ने कराया है। विरोधियों की साजिश तो नहीं है, क्योंकि एक मामले में आज न्यायालय में पेश होना था। फिलहाल वे बच गये हैं।



अस्पताल में भर्ती संजय राणा।

## पुलिस ने चोर को तमंचा समेत किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों की रोकथाम को जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की अगुवाई में पुलिस ने एक चोर को चोरी के 15 सौ रुपये व तमंचा-कारतूस समेत गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि 14 अक्टूबर 2023 को श्रीमती राजरानी पत्नी बृजकिशोर नांदिन कुर्मियान थाना राजापुर ने रिपोर्ट लिखाई थी कि उसके घर से अज्ञात चोरों ने नकदी व सोने-चांदी के जेवर आदि चुरा ले गये हैं। पुलिस ने मामला दर्जकर विवेचना दरोगा कन्हैया बक्स सिंह को सौंपी थी। दरोगा ने विवेचना में प्रकाश में आये एक चोर को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी। विवेचना में कल्लू पुत्र लोटनराम मिशन का डेरा मजरा चिल्लीराकस को गिरफ्तार किया। उसकी तलाशी में एक तमंचा व कारतूस 315 बोर 15 सौ रुपये बरामद हुए। पुलिस ने बरामदगी की धारा बढाई व शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा कन्हैया बक्स सिंह, दरोगा इमरान खान, सिपाही प्रकाश मिश्रा, शुभम मिश्रा, साकिर अली शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में चोर।

## सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो: सत्यप्रकाश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बांदा-चित्रकूट लोकसभा में 20 मई को मतदान को लेकर जिला प्रशासन से लेकर आम जनता व प्राइवेट स्कूल के लोग मतदाता जागरूकता को मुहिम छेड़े हैं। शहर के किंग्शन इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चों ने नगर पालिका के पास मतदान प्रतिशत बढ़ाने को जागरूकता संदेश दिया।

मंगलवार को बच्चों ने नुक्कड़-नाटक व सभा कर मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम पेश किये। बच्चों ने शहर की गलियों में भ्रमण कर मतदाता जागरूकता के तहत सबसे मतदान की अपील की। गलियों में नारे लगाये कि सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो। बिना किसी दबाव के मतदान करें। मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्य सत्यप्रकाश द्विवेदी ने बच्चों से कहा कि अपने घर के मतदाताओं को 20 मई को मतदान करने को जरूर भेजें। स्वतंत्र रूप से बिना भय-दबाव के मतदान की अपील की। मतदान में लालच व दबाव से कोई मतदाता मतदान न करें। मतदान अधिकार है, इस अधिकार को हर व्यक्ति को प्रयोग करना चाहिए। ये मौके पांच साल में एक बार आते हैं।



मतदाताओं को जागरूक करते प्रेस क्लब अध्यक्ष।

## पत्नी को मौत के घाट उतारने वाले पति को उम्रकैद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** घर में सो रही पत्नी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या के बाद गांव के विरोधियों पर झूंठी रिपोर्ट दर्ज कराने के मामले में दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने हत्यारोपी पति को आजीवन कारावास समेत दस हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया है। मंगलवार को जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि रैपुरा थाने के खजुरिहा कला गांव के रामराज कुशवाहा ने रिपोर्ट लिखाई थी कि 29 नवंबर 2020 की रात उसके घर में घुसकर गांव के कुछ लोगों ने पत्नी संगीता देवी की हत्या कर दी थी। बचाने की गुहार पर शोरगुल किया तो हमलावर उसे घसीट कर ले जाने लगे। पत्नी की लाश देखकर वह बेहोश हो गया। इस मामले में भाभी गायत्री देवी व संतोष कुशवाहा के विरुद्ध रिपोर्ट लिखाई थी। विवेचना दौरान प्रकाश में आया कि वादी रामराज कुशवाहा ने ही पत्नी की हत्या की है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा। तब से वह जेल में है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। बचाव व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने दोष सिद्ध होने पर हत्यारोपी रामराज को आजीवन कारावास की सजा समेत दस हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया।

## मुस्लिम दम्पति में पुलिस ने कराई सुलह



विवाद सुलझाती पुलिस।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में एक दम्पति में सुलह कराकर परिवार को टूटने से बचाया। मंगलवार को कोतवाली कर्वी के जयदेवदास अखाडा की श्रीमती अलबिया बानो पत्नी मुस्तकीम ने पति मुस्तकीम पुत्र इस्लाम फतेहगंज पेट्रोल पम्प के पास ने गाली-गलौज, मारपीट व दहेज को प्रताड़ित करने बाबत पत्र एसपी को सौंपा। एसपी ने पत्र निस्तारण को परिवार परामर्श केन्द्र को भेजा। परामर्श केन्द्र प्रभारी श्रीमती गुड्डी देवी व महिला सिपाही शिवांगनी श्रीवास्तव, अनामिका सिंह ने शिकायत को सुन-समझकर दूसरे पक्ष को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनों पक्षों से भविष्य में विवाद न करने व पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने को कहा। आपसी सुलह पर दम्पति ने एक-दूसरे के साथ तालमेल से रहने का भरोसा दिया। दायित्वों का सही ढंग से पालन करने को कहा।

## तेज धूप से बचाव को एडीएम ने बताये उपाय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि लोकसभा चुनाव दौरान भीषण गर्मी/लू के मद्देनजर हीट वेव से मतदाताओं को स्वास्थ्य जनित समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इनसे बचते हुए ज्यादा से ज्यादा तादाद में मतदेय स्थल में जाकर मतदान करने को मतदान दलों व मतदाताओं के बीच सावधानियों बाबत जागरूकता की जाये।

मंगलवार को एडीएम उमेशचन्द्र निगम ने बताया कि मतदान 19 अप्रैल से शुरू होकर एक जून तक होंगे। इन दिवसों में भीषण गर्मी की संभावना है। पोलिंग पार्टी प्रस्थान व मतदान दिवसों पर सभी मतदान कार्मिक हल्के सूती वस्त्र पहनें। अपने साथ तेज धूप से बचाव को छाता व सिर ढकने को सफेद सूती गमछा या अन्य कोई कपड़ा रखें। पैरों में आरामदायक जूते या चप्पल पहने। अपने साथ पीने को शीतल जल की बोतल रखें। समय-समय पर सादा जल, नींबू पानी या ओआरएस का प्रयोग कर खुद को तरो ताजा रखें। तेज धूप से बचने को टोपी, हैट, काला चश्मा, छाता का प्रयोग करें। अत्यधिक चाय, कॉफी या कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक का सेवन न करें। इनसे शरीर में पानी की मात्रा कम होने की संभावना रहती है। बासी भीजन से बचें। हल्के व ताजे बने भोजन लें। प्रत्येक मतदान दल को फस्ट एड किट दी जाएगी। उसमें उपलब्ध ओआरएस मतदान दल के कर्मियों अथवा जरूरतमंद मतदाताओं को मानक अनुसार जल में घोलकर पिला दें। प्रत्येक मतदेय स्थल पर न्यूनतम 5 गुणे 5 क्षेत्रफल में छाया व्यवस्था करा दें। वहां पर्याप्त तादाद में कुर्सी-दरी आदि रखवा दें, ताकि तेज धूप से बचाव को छाया आने तक मतदाता अपनी बारी आने तक छाया में इंतजार कर सकें। छाया व्यवस्था ऐसी करें कि मतदेय स्थलों के ठीक सामने लगने वाली कतार छाया में हो।

**मतदेय स्थल पर करें छाया की व्यवस्था**

## अभाविप ने बांटे पत्रक, बीस मई को करें मतदान



पत्रक बांटते अभाविप कार्यकर्ता।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मतदाता जागरण अभियान के तहत छात्र-छात्राओं के बीच पत्रक बांटे। 20 मई को मतदान के प्रति जागरूक किया।

मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने सदर ब्लाक के नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण किया। 20 मई को लोकसभा चुनाव को बांदा- चित्रकूट संसदीय सीट में पांचवे चरण के मतदान में सभी मतदाताओं को मताधिकार के प्रयोग की सलाह दी। परिषद ने लोकसभा चुनाव महापर्व बतौर मनाया जा रहा है। मतदाता जागरण अभियान में पत्रक बांटकर मतदाताओं को जागरूक किया। जिला संगठन मंत्री रामजी ने कहा कि भारत लोकतांत्रिक राष्ट्र है। देश की समग्र उन्नति से विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। लोकतंत्र में निर्वाचन की प्रक्रिया से ही सत्ता स्थापित होती है। लोक के लिए कार्य करती है। लोकसभा चुनाव अब लोकतांत्रित उत्सव के रूप में मनाया जाता है। भारत वर्ष की पांच वर्ष की दिशा तय करेगा। सभी जानते हैं कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मत की ताकत है। मतदान से अपने प्रतिनिधि का चयन करते हैं। सभी लोग सजगता से लोकतंत्र के उत्सव में सहभागी बनें। इस मौके पर प्रांत कार्यकारिणी सदस्य नीतेश त्रिपाठी, सत्या पाण्डेय, शिवम निषाद, रामपाल आदि मौजूद रहे।

# जर्मन राजनीतिज्ञ पर हमले के बाद सुरक्षा बढ़ाने की मांग



**पूर्वी जर्मन।** पूर्वी जर्मन शहर ड्रेसडेन में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता मथियास एके पर हमले के विरोध में प्रदर्शन. हमले में यूरोपीय सांसद को काफी चोटें आईं. हमले के समय वे चुनावी पोस्टर लगा रहे थे.

चुनाव प्रचार के दौरान यूरोपीय संसद के सदस्य मथियास एके पर हुए हमले के बाद बर्लिन और ड्रेसडेन में हजारों लोग सड़कों पर उतर आए. वे देश में राजनीतिज्ञों पर बढ़ते हमलों का विरोध कर रहे थे. हमले के बाद चुनाव प्रचार करने वाले कार्यकताओं की पुलिस सुरक्षा की मांग तेज पकड़ रही है. जर्मन गृहमंत्री ने चुनाव प्रचार सभाओं को ज्यादा पुलिस सुरक्षा देने का समर्थन किया है. मंगलवार को केंद्र और प्रांतीय सरकारों के गृह मंत्रियों की बैठक बुलाई गई है.

मथियास एके पर हमला बीते हफ्ते शुक्रवार को ड्रेसडेन में उस वक्त हुआ जब वह 9 जून को होने वाले यूरोपीय संसद के चुनावों के लिए पोस्टर लगा रहे थे. एके सैक्सोनी में अपनी एसपीडी पार्टी के मुख्य उम्मीदवार हैं.

हमले में मथियास एके के जबड़े और आंखों पर गंभीर चोटें आईं और उनके चेहरे पर जगह जगह खून के थक्के जम गए थे. 41 वर्षीय एके को चार लोगों ने बुरी तरह पीटा जिसके बाद उन्हें इमर्जेंसी वार्ड में भर्ती कराना पड़ा. बीते रविवार को उनकी सर्जरी भी की गई. उनकी पार्टी के मुताबिक उनकी हालत फिलहाल स्थिर है. वह 2022 से यूरोपीय संसद के सदस्य हैं.

**पुलिस ने की चार आरोपियों की पहचान**

पुलिस ने अब तक चार हमलावरों की पहचान की है. ये चारों आरोपी 17 और 18 साल के बताए जा रहे हैं. आरोपियों की पहचान से पहले इनमें से एक ने खुद ही पुलिस स्टेशन जाकर सरेंडर कर दिया था और ये कबूल कर लिया था कि एके पर हुए हमले में वह शामिल था. इसके बाद ही पुलिस बाकी आरोपियों तक पहुंची. पुलिस के अनुसार कम से कम एक हमलावर के राजनीति प्रेरित दक्षिणपंथी होने के संकेत हैं.

पुलिस ने इस सभी आरोपियों के घरों की भी तलाशी ली जहां उन्हें हमले से जुड़े सबूत मिले. हालांकि, इस हमले के पीछे इन चारों आरोपियों का क्या मकसद था पुलिस ने इस बात की कोई जानकारी नहीं दी है. पुलिस को शक है कि एके पर हुए हमले के कुछ मिनट पहले ही इन्हीं हमलावरों ने चांसलर ओलाफ शॉल्त्स की सरकार में शामिल ग्रीन पार्टी के एक सदस्य के साथ भी हिंसा की थी. वह भी उस वक्त उसी इलाके में चुनाव के पोस्टर लगा रहे थे.

**हमलों को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया**

जर्मनी के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने एके पर हुए हमले को लोकतंत्र के लिए एक खतरा बताया है. चांसलर ओलाफ शॉल्त्स ने हमले की निंदा की है और कहा है कि ऐसी घटनाओं से लोकतंत्र को खतरा है. लोगों को एक दूसरे के खिलाफ भड़का कर ऐसा माहौल तैयार किया जा रहा है. उन्होंने कहा, "हमें ऐसी हिंसा को स्वीकार नहीं करना चाहिए और मिलकर इसका विरोध करना चाहिए.ह्व

सैक्सोनी में एसपीडी पार्टी के अध्यक्ष हेनिंग होमन और काथरीन मिशेल ने एक बयान जारी कर जर्मनी की धुर दक्षिणपंथी पार्टी एएफडी पर आरोप लगाए. एएफडी की नेता एलिस वाइडेल ने कहा कि एके पर हुए हमले को राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल करना घिनौना और गैर जिम्मेदाराना है. साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि एएफडी के नेताओं पर भी लगातार हमले होते रहते हैं.

**लोकतांत्रिक ताकतों की सुरक्षा की चिंता**

जर्मनी की गृह मंत्री नैंसी फेजर ने भविष्य में ऐसे राजनीतिक हमलों को रोकने के लिए अपने अधिकारियों के साथ एक आपातकालीन बैठक भी बुलाई है. उन्होंने कहा कि सरकार को इस तरह के हमलों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए लोकतांत्रिक ताकतों की सुरक्षा के लिए कदम उठाने चाहिए.

एसपीडी पार्टी ने हमले की आलोचना करते हुए कहा कि हिंसा को इस्तेमाल करने की यह इच्छा अचानक पैदा नहीं हुई है. पार्टी ने चेतावनी दी है कि इस हमले को अलग थलग करके न देखा जाए. पार्टी प्रमुख सास्किया एस्केन ने धुर दक्षिणपंथी पार्टियों और चरमपंथियों द्वारा लोकतंत्र की अवमानना और सामाजिक बंटवारे को बढ़ावा देते संदेशों को इस हमले के लिए जिम्मेदार बताया.

# ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस चैरिटी कोप्पाफील की संस्थापक क्रिस हालेंगा का 38 वर्ष की आयु में निधन

**लंदन।** ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस चैरिटी कोप्पाफील की संस्थापक क्रिस हालेंगा का 38 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने इंग्लैंड के कॉर्नवाल में अपने घर पर आखिरी सांस ली। हालेंगा ने अपने जीवन के आखिरी समय तक लाखों महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर की जांच करने के लिए प्रोत्साहित किया।

दरअसल, ब्रेस्ट कैंसर को लेकर जागरुकता फैलाने वाली क्रिस हालेंगा को 15 साल पहले टर्मिनल ब्रेस्ट कैंसर का पता चला था। एक साल से ज्यादा समय तक अपने अभिभावकों से दूर रहने के बाद हालेंगा का 23 साल की उम्र में ब्रेस्ट कैंसर का इलाज हुआ था। क्रिस हालेंगा के मित्र और लेखक फर्ने कॉटन ने उनके निधन पर कहा, "जितना मैंने किसी को जीवित देखा है, वह उससे कहीं अधिक जिंदगी जीती थीं।"

उल्लेखनीय है कि कोप्पाफील मिशन युवतियों को ब्रेस्ट कैंसर के बारे में शिक्षित करता है। संस्था की जागरुकता की वजह से कई युवतियों को दोबारा अपनी सामान्य जिंदगी जीने में मदद मिली। कोप्पाफील ने सोमवार को हालेंगा की मौत की पुष्टि करते हुए कहा, "क्रिस ने जीवन को बेहद



रचनात्मक, मजेदार और निडर तरीके से जिया और हमें दिखाया कि कैंसर के साथ भी जीवन को पूरी तरह से जीना संभव है।"

# इजराइली सेना रफाह पर कर सकती है हमला, फलस्तीनियों से सुरक्षित स्थान पर जाने को कहा

**यरुशलम।** इजराइली सेना रफाह पर आने वाले समय में संगठित तरीके से बड़ा हमला कर सकती है, इसी के मद्देनजर रफाह में शरण लिए फलस्तीनियों से ठिकाना छोड़कर सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए कहा है। काहिरा में हमास के साथ युद्धविराम के लिए वार्ता विफल होने के बाद इजराइल ने रफाह में जल्द जमीनी सैन्य कार्रवाई के संकेत दिए हैं। वहीं इजराइल ने रफाह पर सोमवार को हवाई हमले किए। इन हमलों में 20 लोग मारे गए और कई के घायल हुए हैं। हमास ने कहा है कि रफाह पर इजराइल की कार्रवाई का विपरीत असर भविष्य में गाजा में युद्धविराम के लिए होने वाली वार्ता पर पड़ेगा। वैसे हमास फलस्तीनियों की रक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार है। गाजा के दक्षिणी शहर रफाह में इस समय लगभग 14 लाख बेघर लोग शरण लिए हुए हैं। इजराइल का कहना है कि इनके बीच बड़ी संख्या में हमास के लड़ाके भी छिपे हुए हैं। रविवार को केरेम शेलोम क्रॉसिंग पर रफाह से किए गए रॉकेट हमले से साबित हो गया कि रफाह में हमास लड़ाके मौजूद हैं। इस हमले में चार इजराइली सैनिक मारे गए थे। इजराइल के अनुसार हमास लड़ाकों के खिलाफ कार्रवाई के लिए रफाह से आमजनों को हटाया जाना जरूरी है। लेकिन आमजनों के स्थानांतरण के दौरान ही इजराइली सेना और हमास के बीच टकराव शुरू होने की आशंका है, जिसमें भारी खूनखराबा हो सकता है। मिस्त्र ने इजरायल से गाजा में अत्यधिक संयम बरतने की अपील की है। रफाह में जमीनी कार्रवाई को लेकर अमेरिका और इजरायल में भी गहरे मतभेद हैं। सोमवार को एक बार फिर राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू से टेलीफोन पर बात की। इस वार्ता में बाइडन ने रफाह पर कार्रवाई न करने के लिए कहा है।

# तुर्किये ने पीकेके के खिलाफ कार्रवाई करने को इराक में किए हवाई हमले, 16 आतंकी ढेर

**अंकारा।** तुर्किये ने सोमवार को प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) को निशाना बनाते हुए उत्तरी इराक में हवाई हमले किए। तुर्किये ने हमले में 16 पीकेके आतंकियों के मारे जाने का दावा किया है। पीकेके 1984 से तुर्किये के खिलाफ हथियार उठाकर विद्रोह कर रहा है। जिसे तुर्किये, संयुक्त राष्ट्र और यूरोपियन यूनियन ने आतंकी संगठन घोषित कर रखा है। वहीं तुर्किये के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उत्तरी इराक के हाकुर्क, मेटिना और गारा क्षेत्र में पीकेके आतंकियों को निष्प्रभावी कर दिया गया है।गत माह तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने उत्तरी इराक में पीकेके लड़ाकों की मौजूदगी को लेकर इराक के कुर्दिस्तान स्वायत्त क्षेत्र की राजधानी इरबिल और बगदाद में अधिकारियों के साथ बातचीत की थी और प्रतिबंधित समूह के खिलाफ बगदाद का समर्थन मांगा था। इसके बाद बगदाद ने गत मार्च में समूह को प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया था।

# हमास ने इजराइल के साथ संघर्ष-विराम प्रस्ताव को स्वीकार किया

**काहिरा।** इजराइल के साथ पिछले सात महीने से जारी युद्ध को रोकने के लिये चरमपंथी समूह हमास ने मिस्त्र और कतर की ओर से पेश किये गए संघर्ष-विराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। हमास की तरफ से जारी एक बयान में इसकी पुष्टि की गई। संघर्ष विराम प्रस्ताव के संबंध में हमास ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा कि हमास के सर्वोच्च नेता इस्माइल हानिया ने कतर के प्रधानमंत्री और मिस्त्र के खुफिया मामलों के मंत्री को फोन पर यह जानकारी दी।

**अखंड भारत संदेश**
**स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।**
**सम्पादक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम्**
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# सैनस्टार लिमिटेड को आईपीओ लाने के लिए सेबी से मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** गुजरात के अहमदाबाद स्थित प्लांट बेस्ड स्पेशल प्रोडक्ट और सामग्री समाधान कंपनी सैनस्टार लिमिटेड जल्द ही घरेलू शेयर बाजार में अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाएगी। कंपनी को इसके लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिल गई है।

# बांग्लादेश के विश्वविद्यालयों में फलस्तीन के समर्थन में छात्रों ने किया मार्च

**ढाका।** फलस्तीन के समर्थन में विरोध प्रदर्शन अब अमेरिका के विश्वविद्यालयों से होते हुए बांग्लादेश के विश्वविद्यालयों में पहुंच गया है। बांग्लादेश में सत्तारूढ़ पार्टी की छात्र शाखा से जुड़े छात्रों ने इजराइल-हमास युद्ध समाप्त करने और स्वतंत्र फलस्तीन के निर्माण की मांग को लेकर सोमवार को देश भर के विश्वविद्यालयों में मार्च किया।

ढाका विश्वविद्यालय के परिसर में बांग्लादेश छात्र लीग के कार्यकताओं ने इजराइल विरोधी नारे लगाते हुए बांग्लादेशी और फलस्तीनी का झंडा लेकर मार्च किया। वे फलस्तीन को मुक्त करो, नरसंहार बंद करो लिखे बैनर लेकर चल रहे थे। छात्र समूह ने कहा कि उसने अमेरिका में विरोध प्रदर्शनों के साथ एकजुटता दिखाने और गाजा में इजरायली सैन्य कार्रवाई के खिलाफ बढ़ते गुस्से के कारण प्रदर्शनों का आयोजन किया। उन्होंने नरसंहार और मानवाधिकार



उल्लंघनों के खिलाफ कार्रवाई का आह्वान किया।

इस बीच, अमेरिका में कोलंबिया विश्वविद्यालय ने विरोध प्रदर्शन को देखते हुए 15 मई को होने वाले विश्वविद्यालय स्तर के मुख्य आयोजन को टाल दिया है। इसकी जगह छोटे-छोटे स्तर पर कार्यक्रम के आयोजन का फैसला लिया गया है। मैनहट्टन में आईवी लीग स्कूल के अधिकारियों ने कहा कि छात्रों से मिले फीडबैक के आधार पर हमने अपने कक्षा दिवसों और स्नातक समारोहों पर ध्यान केंद्रित करने का निर्णय लिया है।

# गांधी की जवानी के दिनों पर क्राउन जैसी टीवी सीरीज

इंग्लैंड की महारानी एलिजाबेथ के जीवन पर बनी नेटफ्लिक्स सीरीज की बंपर सफलता के बाद अब वैसी ही सीरीज महात्मा गांधी के शुरूआती जीवन पर बनाई जा रही है. महात्मा गांधी के जीवन पर एक सीरीज बनाई जा रही है, जिसमें उनके जीवन के शुरूआती दिनों को दिखाया जाएगा. तब मोहनदास एक शर्मीला नौजवान था और कोई सोच भी नहीं सकता था कि वह एक दिन दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का राष्ट्रपिता बनेगा.

नई सीरीज में महात्मा गांधी के उन दिनों को दिखाया जाएगा जब वह लंदन के ऐतिहासिक लंदन पब और ब्रिटेन में अन्य जगहों पर आया-जाया करते थे. सीरीज के निमार्ताओं के मुताबिक तीन सीजन की यह सीरीज रामचंद्र गुहा की किताबों गांधी बिफोर इंडिया और गांधीः द ईयर्स दैट चेंज्ड द वर्ल्ड पर आधारित होगी.

भारत की प्रोडक्शन कंपनी अपालॉज एंटरटेनमेंट के प्रबंध निदेशक समीर नायर बताते हैं कि नेटफ्लिक्स सीरीज द क्राउन ने गांधी के जीवन पर फिल्मों की संभावना बढ़ा दी है.

नायर कहते हैं, "यह एक बहुत सामयिक कहानी है. एक बहुत शानदार कहानी है जिसके बारे में बहुत ज्यादा लोगों को पता नहीं है.



लोग उस व्यक्ति को जानते हैं, उसकी कहानी को नहीं जानते.ह्व

**गांधी की भूमिका में प्रतीक**

सीरीज की शूटिंग फिलहाल लंदन में चल रही है. जल्दी मुंबई और गुजरात में भी कहानी के कई हिस्सों को फिल्माया जाएगा. इसका निर्देशन हंसल मेहता कर रहे हैं जबकि गांधी की भूमिका 44 साल के प्रतीक गांधी निभा रहे हैं.

प्रतीक गांधी का महात्मा गांधी से कोई रिश्ता नहीं है. हालांकि वह पिछले लगभग आठ साल से एक नाटक में गांधी की भूमिका निभा रहे हैं. वह कहते हैं, "अनजाने में ही मैं इस रोल के लिए तैयारी कर रहा था। इतनी तैयारी के बावजूद प्रतीक गांधी सीरीज में अपनी भूमिका को आसान नहीं मानते क्योंकि गांधी के मानवीय रूप को स्क्रीन पर पेश करना आसान नहीं होगा। वह बताते हैं, "वह महात्मा पैदा नहीं हुए थे. वह कोई सुपरमैन या सुपरूमन नहीं थे. अपने जीवन के अनुभवों ने उन्हें वो बनाया जो वह जिंदगी में बने. ये क्षमताएं हम सबमें होती हैं.

**युवाओं तक पहुंचने की कोशिश**

सीरीज के निर्देशक मेहता कहते हैं कि वह इसके जरिए युवा दर्शकों तक पहुंचना चाहते हैं. वे ब्रिटिश एक्टर टॉम फेल्टन की मौजूदगी से भी आकर्षित हो सकते हैं. फेल्टन हैरी पॉटर पर बनी फिल्मों से खूब चर्चा में रहे हैं.

फेल्टन जोसाया ओल्डफील्ड की भूमिका निभा रहे हैं. जब मोहनदास लंदन में वकालत पढ़ रहे थे, तब जोसाया ओल्डफील्ड उनके दोस्त हुआ करते थे. 36 साल के फेल्टन कहते हैं कि वह इस रोल के लिए ना बोल ही नहीं सकते थे.

फेल्टन बताते हैं, "बेशक, उनके (गांधी) बिना दुनिया बहुत अलग दिखेगी. एक ऐसी कहानी का हिस्सा होना जिसने गांधी को गांधी बनाया, इसके लिए तो सोचने की जरूरत ही नहीं थी।

# नेपाल : नक्शा विवाद पर आर्मी चीफ की सरकार को नसीहत, पड़ोसी देश को चिढ़ाना बन्द हो

**काठमांडू।** नेपाल सरकार के नोट पर विवादित नक्शा छापने के निर्णय का सेना की तरफ से विरोध किया गया। सेना ने सरकार को नसीहत दी है कि वो अपने पड़ोसी देश को चिढ़ाना बन्द करे। नेपाली सेना के प्रधान सेनापति जनरल प्रभुराम शर्मा ने कहा कि सरकार को कोई ऐसा कदम नहीं उठाना चाहिए जिससे पड़ोसी देश चिढ़ जाए। हाल ही में सरकार द्वारा सौ के नोट पर विवादित नक्शे को प्रकाशित करने की तरफ इंगित करते हुए प्रधान सेनापति ने कहा कि जिन समस्याओं का समाधान कूटनीतिक तरीके से होना चाहिए उसके लिए गैर कूटनीतिक रास्ता अख्तियार करना गलत है। प्रधान सेनापति ने कहा कि हमारी भूराजनीतिक अवस्था को ध्यान में रखते हुए अपने किसी भी पड़ोसी को नहीं चिढ़ाना चाहिए। संसदीय समिति में नेपाली सेना के प्रधान सेनापति ने कहा कि खुली सीमा के कारण नेपाल प्रवेश कर चुके रोहिंग्या नेपाल की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं। इसलिए सरकार को इस ओर ध्यान देकर रोहिंग्या के बारे में कोई फैसला करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान में राजनीतिक अस्थिरता के कारण जो परिस्थिति बनी है उसका असर नेपाल में भी हो सकता है। जनरल शर्मा ने कहा कि नेपाल में जिस तरह से राजनीतिक अस्थिरता बढ़ती जा रही है, वहीं अपने पड़ोसी देशों को चिढ़ाने का काम हो रहा है उससे नेपाल की हालत भी पाकिस्तान-अफगानिस्तान की तरह नहीं होगी, इसकी कोई गारंटी नहीं है।

# नेपाल के सहकारी घोटाले में अपने खिलाफ जांच होने पर गृहमंत्री रवि लामिछाने ने दी इस्तीफे की धमकी

**काठमांडू।** सहकारी घोटाले में घिरे नेपाल के उपप्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री रवि लामिछाने ने कहा कि अगर उनके खिलाफ संसदीय जांच समिति बनाई गई तो ना सिर्फ वो अपने पद से इस्तीफा दे देंगे, बल्कि उनकी पार्टी सरकार से समर्थन वापस ले लेगी। संसद को सुचारू करने को लेकर आज हुई सर्वदलीय बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए गृहमंत्री लामिछाने ने कहा कि विपक्षी दल उनके खिलाफ घेराबंदी कर रहे हैं। उन्होंने किसी भी सहकारी घोटाले में किसी तरह की संलग्नता नहीं होने का दावा किया। लामिछाने ने कहा कि कांग्रेस अपनी सरकार गिरने से बौखलाई हुई है, इसलिए सरकार और सदन नहीं चलने दे रही है। रवि लामिछाने ने कहा कि वो जांच समिति से भाग नहीं रहे हैं, बल्कि पूरे देशभर की सभी सहकारी संस्थाओं की जांच होनी चाहिए। सिर्फ उनको टार्गेट करते हुए जांच समिति बनाए जाने पर उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सिर्फ वो अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे, बल्कि सरकार को दिया गया समर्थन भी वापस ले लिया जाएगा। रवि लामिछाने की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के पास 21 सांसद है। अगर लामिछाने ने पद से इस्तीफा दे दिया तो प्रचंड की सरकार अल्पमत में आ जाएगी। विपक्षी दलों का मानना है कि गृहमंत्री लामिछाने सरकार के साथ राजनीतिक सौदेबाजी कर रहे हैं।

# नेपाल: संसद के बजट सत्र को लेकर हुई सर्वदलीय बैठक बेनतीजा

**काठमांडू।** संसद के बजट सत्र को सुचारु रूप से चलाने को लेकर आज हुई सर्वदलीय बैठक बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गई। बजट सत्र के दौरान संसद की कार्यवाही सुचारू रूप से चले, इस पर सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के बीच कोई सहमति नहीं बन सकी।

प्रतिनिधि सभा के स्पीकर देवराज घिमिरे ने आज प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड सहित सभी दल के शीर्ष नेताओं की बैठक बुलाई थी। इस बैठक में आगामी बजट सत्र को लेकर दलों के बीच सहमति जुटाने का आग्रह किया गया था लेकिन विपक्षी दलों ने सत्ता पक्ष के कारण सहमति नहीं हो पाने का आरोप लगाया है। प्रमुख प्रतिपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेरबहादुर देउवा ने बताया कि सहकारी घोटाले की जांच को लेकर सरकार और सत्ता पक्ष के दलों की गम्भीरता नजर नहीं आई। उन्होंने कहा कि हम अपनी मांग पर अभी भी अड़े हैं कि गृहमंत्री रवि लामिछाने के खिलाफ लगे सहकारी घोटाले के आरोप की संयुक्त संसदीय समिति से जांच कराई जाए लेकिन सत्ता पक्ष ने नहीं माना। देउवा ने कहा कि हमारी मांग पूरा नहीं होने तक संसद को नहीं चलने दिया जाएगा।

सत्ता पक्ष की तरफ से बैठक में शामिल नेकपा एमाले और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के नेताओं ने विपक्षी दल की तरफ से रखी गई मांग पर कोई सुनवाई नहीं होने की प्रतिक्रिया दी है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष तथा गृहमंत्री रवि लामिछाने ने स्पष्ट कहा कि व्यक्तिगत मेरे खिलाफ जांच का वो समर्थन नहीं कर सकते हैं। लामिछाने ने बताया कि समग्र में अगर सरकार सहकारी समस्या की जांच के लिए समिति बनाती है तो उसका समर्थन किया जा सकता है। इसी तरह एमाले पार्टी के प्रमुख सचेतक महेश बतौर्ला ने कहा कि विपक्षी दल की मांग को पूरा करने का सवाल ही नहीं उठता है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री को लक्षित कर विपक्षी दल का यह अभियान कभी सफल नहीं हो सकता है।

सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष के बीच सहमति नहीं हो पाने के कारण संसद का बजट सत्र हंगामेदार होने की उम्मीद है।